मेरठ से प्रकाशित व बुलंदशहर, बागपत मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, गाजियाबाद, हापुड, उत्तराखण्ड, हरियाणा में एक साथ प्रसारित

दैनिक

# सर्वहित भारत

सम्पर्क सूत्र–9837558066

सत्य की खोज



वर्ष –01, अंक –233 | मेरठ, सोमवार 13 मार्च 2023 | पृष्ठ 08, मूल्य 5/रुपये




## मिड-डे मील पर राज्यों के रवैए से केंद्र नाखुश

**नई दिल्ली।** पीएम पोषण स्कीम के तहत स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को दिए जाने वाले मिड-डे मील का ब्यौरा मुहैया न कराए जाने को लेकर केंद्र ने राज्यों से नाखुशी जताई है। शिक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों को पत्र लिखकर बच्चों को दिए जाने वाले मिड-डे मील का ब्यौरा हर हाल में महीने की दस तारीख तक मुहैया कराने को कहा है।

मंत्रालय ने इस संबंध में वर्ष 2022 की एक रिपोर्ट भी जारी की है, जिसमें अप्रैल से सितंबर 2022 तक किस महीने कितने राज्यों ने ब्यौरा दिया है और कितने राज्यों ने नहीं दिया है, इस-की सारी जानकारी दी है। मंत्रालय ने राज्यों को लिखे इस पत्र में इस बात पर भी हैरानी जताई है, कि सितंबर 2022 में सिर्फ 14 राज्यों ने ही मिड-डे मील का ब्यौरा दिया था।

जबकि अप्रैल 2022 में 19 राज्यों ने ब्यौरा दिया था। कई राज्यों में छात्रों को दिए जाने वाले मिड-डे मील के ब्यौरे में अंतर पर भी चिंता जताई है। जिसमें बताया कि जो ब्यौरा दिया जा रहा है और आधार कार्ड से जो छात्र इससे लिंक उनमें अंतर पाया जा रहा है। गौरतलब है कि इस ब्यौरे के आधार पर मंत्रालय राज्यों में भोजन की गुणवत्ता और स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति पर नजर रखती है। रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल से सितंबर 2022 के बीच जो राज्य लगातार मिड-डे मील का ब्यौरा नहीं दे रहे है, उनमें दिल्ली, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, झारखंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, जम्मू-कश्मीर, पुंडुचेरी, अंडमान निकोबार आदि शामिल है।

### हुबली में राहुल गांधी पर बरसे PM मोदी, बोले-

# लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण



**हुबली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के हुबली-धारवाड़ में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया, जहां पर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लंदन में भारतीय लोकतंत्र पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारत केवल सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं बल्कि लोकतंत्र की जननी है। ये मेरा सौभाग्य रहा कि कुछ वर्ष पहले मुझे लंदन में भगवान बस-वेश्वर की प्रतिमा के लोकर्पण का अवसर मिला, लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि लंदन में ही भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठाने का काम किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की जड़ें, हमारे सदियों के इतिहास से सींची गई हैं। दुनिया की कोई ताकत भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

प्रधानमंत्री मोदी ने पुनर्विकसित होसपेट रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी समेत कई नेतागण मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की स-रकार कर्नाटक के हर जिले, हर गांव, हर कस्बे के पूर्ण विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास कर रही है। आज धारवाड़ की इस धरा पर विकास की एक नई धारा निकल रही है, जो हुबली-धार-वाड़ के साथ पूरे कर्नाटक के भविष्य को सींचने का काम करेगी।

उन्होंने कहा कि आईआईटी धा-रवाड़ भाजपा के 'संकल्प से सिद्धि' का एक उदाहरण है। करीब 4 साल पहले मैंने इस संस्थान की नींव रखी थी। कोरोना महामारी के बावजूद आईआईटी को एक भविष्यवादी संस्थान के रूप में खड़ा किया गया है। नींव से लेकर उद्घाटन तक हम बड़ी तेजी से काम करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अच्छी शिक्षा सबका अधिकार है। हमारे पास जितने बेहतर शिक्षा संस्थान होंगे, उतने ही अधिक लोगों की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा तक पहुंच होगी। पिछले 9 सालों में अच्छे शिक्षण संस्थानों की संख्या बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि हमने एम्स की संख्या तीन गुना बढ़ा दी है। सात दशकों में देश में सिर्फ 380 मे-डिकल कॉलेज थे, जबकि पिछले 9 साल में 250 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक ने कनेक्टिविटी के मामले में आज एक और माइलस्टोन को छू लिया है। अब सिद्धरूधा स्वामीजी स्टेशन पर दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है। ये विस्तार है उस सोच का, जिसमें हम इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता देते हैं।

## अलगाववाद, आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः अमित शाह



**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि आतंकवाद पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जोरो टालरेंस नीति आने वाले समय में भी जारी रहेगी। देश के किसी भी हिस्से में अलगाववाद, आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सख्ती से निपटा जाएगा। वे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआ-इएसएफ) के 54वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और राज्य पुलिस की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने पिछले नौ वर्ष में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। कश्मीर में हिंसा काफी कम हुई है, जबकि पूर्वोत्तर और वामपंथी चरमपंथ प्रभावित इलाकों में उग्रवाद भी कम हुआ है।

शाह ने कहा कि आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने वाले लोगों की संख्या घटती जा रही है और कई लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है, जब उसके हवाई अड्डे, बंदरगाह और औद्योगिक प्रतिष्ठान सुरक्षित हों।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सीआइएसएफ के 53 साल के इतिहास से पता चलता है कि इसने देश की आर्थिक प्रगति में काफी योगदान दिया है। उन्होंने देश में सेवाओं के लिए सीआ-इएसएफ कर्मियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था को पांच हजार अरब डालर तक पहुंचाने के पीएम मोदी के लक्ष्य को हासिल करना है तो महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि सीआ-इएसएफ भविष्य में इन चुनौतियों पर खरा उतरेगा।

शाह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय सीआइएसएफ को हवाई अड्डों, बंदरगाहों और अन्य संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आधुनिक तकनीक से लैस करने में कोई कोर कसर नहीं छोडेगा। सीआइएसएफ द्वारा अपनाए हाइब्रिड माडल पर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इसकी भूमिका बहुत बढ़ने वाली है। इस माडल से निजी कंपनियों में भी सलाहकार और अन्य कई भूमिकाओं में इसका उपयोग होने का रास्ता खुलेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि ये बल आने वाले दशकों में आधुनिक तकनीक और ड्रोन जैसे सुरक्षा संबंधित खतरों से निजी कंपनियों को भी सुरक्षा देने का काम कर सकेगा। बता दें कि पहली बार सीआइएसएफ की वार्षिक रेजिंग डे परेड दिल्ली के बाहर हैदराबाद के हाकिमपेट स्थित नेशनल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी एकेडमी मे हुई।

## दिल्ली में आवारा कुत्तों ने दो सगे भाइयों को नोच-नोचकर मार डाला, शरीर के कर डाले कई टुकड़े

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज साउथ इलाके में तीन दिनों के अंतराल में दो सगे भाईयों को कुत्तों ने नोंच नोंच कर मार डाला। पुलिस ने दोनों भाईयों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। शुक्रवार को पहली घटना में कुत्तों ने सात वर्षीय आनंद को शिकार बनाया था, जबकि रविवार सुबह शौच करने गए पांच वर्षीय आदित्य को पांच छह कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया।

कुत्तों ने लोगों के पहुंचने तक बच्चे को नोंच डाला। बच्चे के शरीर पर 30 से ज्यादा बार कुत्तों के काटने के निशान मिले हैं। वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, स्थानीय लोगों ने इसके विरोध में आक्रोश जताते हुए इलाके के कुछ कुत्तों को पीट-पीट कर मार डाला।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि मृतक बच्चे आनंद और आदित्य अपने परिवार के साथ रंगपुरी पहाड़ी के सिंधी बस्ती में रहते थे। परिवार मूलतः इलाहाबाद के गोसाई नगर का रहने वाला है। बच्चों के पिता मानसिक रूप से बीमार हैं और मां पार्लर में नौकरी कर घर का खर्चा चलाती है। परिवार में माता-पिता के अलावा तीन भाई नौ वर्षीय अंत, आनंद और आदित्य शामिल थे, जिसमें से आनंद और आदित्य की मौत हो चुकी है।



अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस को एक बच्चे की गुमशुदगी की शिकायत मिली थी। पुलिस ने शि-कायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चे की तलाश शुरू की। करीब दो घंटे बाद जंगल में एक दीवार के पास आनंद के शव को पुलिस ने बरामद किया। बच्चे के शरीर पर कुत्तों के काटने के निशान थे और शरीर के कई अंग बुरी तरह से अलग हो गए थे।

## सिक्किम में भारी बर्फबारी में फंसे पर्यटकों के लिए देवदूत बनकर सामने आई भारतीय सेना, 370 लोगों को बचाया







**गंगटोक।** सिक्किम में भारी बर्फबारी के चलते सैकड़ों पर्यटक फंस गए। जिसके बाद भारतीय सेना ने पर्यटकों को बचाने के लिए ऑपरेशन हिमराहट शुरू किया और देवदूत बनकर इन पर्यटकों को बचाया।

समाचार एजेंसी ने बर्फबारी के चलते नाथूला और त्सोमगो (चांगगू) झील में फंसे पर्यटकों को बचाने की जानकारी साझा की। बकौल एजेंसी भारतीय सेना ने पूर्वी सिक्किम में भारी बर्फबारी के कारण नाथूला और त्सोमगो (चांगगू) झील में 370 पर्यटकों को बचाया।

भारतीय सेना ने बताया कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन की मदद से त्रिशक्ति कोर के जवानों ने तत्काल प्रभाव से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। जिसको ऑपरेशन हिमराहट का नाम दिया गया।

बता दें कि पर्यटकों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें देवदूत बनकर भारतीय सेना ने सुरक्षित बचाया। भारतीय सेना के साथ पर्यटकों की तस्वीरें भी सामने आई हैं।



## ब्रह्मोस एयरोस्पेस को नौसेना से मिला 2.5 अरब डॉलर का ऑर्डर, सभी फ्रंटलाइन युद्धपोतो पर होंगे तैनात

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना 200 से अधिक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों को प्राप्त करने के लिए आदेश देने जा रही है जो सभी फ्रंटलाइन युद्धपोतो पर सुसज्जित होंगी।

भारत-रूस संयुक्त उद्यम कंपनी ने हाल ही में उच्च स्तर की स्वदेशी सामग्री के साथ मिसाइल का परीक्षण किया है और मिसाइल को स्वदेशी सीकर से भी लैस करने जा रही है। वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों ने बताया कि, इनमें से 200 से अधिक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों को हासिल करने का भारतीय नौसेना का प्रस्ताव एक उन्नत चरण में है और रक्षा मंत्रालय द्वारा जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

अधिग्रहण से भारतीय नौसेना को अपने शस्त्रागार में मिसाइलों को रखने में मदद मिलेगी जो युद्धपोतों के साथ-साथ बल की मोबाइल तटीय मिसाइल बैटरी के हिस्से पर तैनात हैं।

भारत-रूसी संयुक्त उद्यम कंपनी द्वारा अपनी स्ट्राइक रेंज को 290 किमी से बढ़ाकर 400 किमी से अधिक करने के बाद पिछले कुछ वर्षों में मिसाइल प्रणाली ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। मिसाइल प्रणाली में स्वदेशी सामग्री को भी बढ़ाया गया है और भारतीय उद्योग और निमार्ताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए इस-की कई प्रणालियों को उन्नत और स्वदेशी बनाया गया है।

फिलीपींस को भी मिसाइल सिस्टम का निर्यात किया जा रहा है। फिलीपींस मरीन कॉर्प्स के कर्मियों ने भी भारत में ब्रह्मोस सुविधाओं में प्रशिक्षण लिया है और उनके और बैचों को यहां प्रशिक्षित किया जा रहा है। अतुल राणे की अध्यक्षता वाली ब्रह्मोस एयरोस्पेस भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित 5 बिलियन अमरीकी डॉलर के निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है।

## केंद्र ने पीएम मोदी की सुरक्षा में सेंध पर पंजाब सरकार से मांगी कार्रवाई की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पिछले साल 5 जनवरी को राज्य की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा उल्लंघन पर पंजाब सरकार से विस्तृत कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय (एमएचए) के माध्यम से पंजाब सरकार को एक पत्र भेजा गया है, जिसमें दोषी अधिकारियों के खिलाफ विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। यह पता चला है कि



केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने पंजाब के मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ से पंजाब सरकार द्वारा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में देरी पर प्रकाश डालते हुए कार्रवाई रिपोर्ट जमा करने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट जल्द से जल्द साझा करने की ओर इशारा करते हुए इस महीने की शुरूआत में पत्र भेजा गया था। 5 जनवरी, 2022 को पीएम मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा में सेंध की जांच करने वाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त जांच समिति की एक रिपोर्ट, जो छह महीने पहले प्रस्तुत की गई थी, तत्कालीन राज्य के मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवारी, पुलिस प्रमुख एस चट्टोपाध्याय और अन्य को दोषी ठहराया गया था।

## 'चुनाव आयोग को हर बार देनी पड़ती है अग्निपरीक्षा'-राजीव कुमार

**बेंगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश का चुनाव आयोग अब तक 400 विधानसभा चुनाव, 17 आम चुनाव और 16 राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव करा चुका है। इसके बाद भी चुनाव आयोग को हर बार 'अग्निपरीक्षा' देनी पड़ती है। राजीव ने ये टिप्पणी 11 मार्च को कर्नाटक में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर पूछे गए एक सवाल के दौरान की है।

चुनाव आयुक्त राजीव ने पत्रका-रों से कहा कि ईसीआई ने तीन पूर्वोत्तर राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में 400 विधानसभा चुनाव कराने का प्रभावशाली कार्य पूरा किया है। सीईसी कुमार से पूछा गया कि क्या कर्नाटक के लोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग पर भरोसा कर सकते हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'चुनाव आयोग ने हाल ही में



त्रिपुरा, मेघालय और नागालैंड में 400वां राज्य विधानसभा चुनाव पूरा किया, 17 बार चुनाव संसद के लिए और 16 बार राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति के चुनाव कराए। चुनाव के बाद परिणाम स्वीकार किए जाते हैं और हर बार सत्ता का परिवर्तन मतपत्र द्वारा सुचारू रूप से किया जाता रहा है।'

सीईसी ने आगे कहा कि पिछले 70 वर्षों में भारत ने अपने सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, भौगोलिक, आर्थिक, भाषाई मुद्दों को शांतिपूर्वक और संवाद के जरिए से किया हैं। ये सब लोकतंत्र के कारण ही हो पाया है। लोग चुनाव परिणामों पर भरोसा करते हैं, लेकिन फिर भी चुनाव आयोग को हर चुनाव के बाद अग्निपरीक्षा देनी पड़ती है।

बता दें कि चुनाव आयोग की टीम आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की जांच के लिए तीन दिवसीय दौरे पर कर्नाटक आए हुए है। कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 24 मई, 2023 तक है, इसलिए, नई विधानसभा होनी है, और उससे पहले चुनाव संपन्न होने हैं।

# जनता को सवाल पूछने का हक है: रमेश यादव



**जौनपुर** : शाहगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत श्री अभिमन्यु यादव महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय लपरी में किया

शिविर को संबोधित करते हुए सोशल एक्टविस्ट रमेश यादव ने कहा कि सूचना मांगने वाली जनता भिखारी नहीं शहंशाह है सूचना अधिकार कानून के माध्यम से सरकार से जनता को सवाल पूछने का हक है इसके माध्यम से सरकार को अपने कार्य , शासन की कार्यप्रणाली को सार्वजनिक करने का अधिकार मिला लोकतंत्र में जनता मालिक है जनता को जानने का हक है कि सरकार उनकी सेवा में क्या कर रही है जनता को सार्वजनिक कार्यों की सूचना प्राप्त करने का अधिकार इस कानून में उल्लेखित है देश का कोई भी नागरिक किसी भी सरकारी ,गैर सरकारी विभाग से जानकारी ले सकता है आरटीआई आवेदन, शुल्क, अपील ,राज्य सूचना आयोग के उद्देश्य ,कार्य , सूचना न देने पर अर्थदंड क्यों और कैसे की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया !

महाविद्यालय के प्रबंधक मुन्ने लाल यादव ने कहा कि पढ़ाई के साथ सामाजिक ज्ञान होना जरूरी है बगैर सामाजिक ज्ञान के जीवन जीना कठिन है इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि सामाजिक जीवन कैसे जिये ! महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 वकील यादव ने कहा कि निरक्षर को साक्षर , जनसंख्या नियंत्रण , गांव की साफ-सफाई , विद्यार्थी जीवन को बेहतर जीवन जीने की कला ही शिविर का उद्देश्य है ! समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए संकल्प लिया! इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा पूजा यादव सरस्वती वंदना , रूबी ने दहेज प्रथा गीत के माध्यम से अपनी बात रंखी ! शिविर में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे !

## राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जनपद से 124 खिलाड़ियों का दल हुआ रवाना



**देवरिया।** राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देवरिया जनपद से 124 खिलाड़ियों का दल समस्त ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों / व्यायाम शिक्षिकाओं के साथ आज रवाना हुआ।

क्रीड़ा दल के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिश्चन्द्र नाथ ने कहा कि हम जिस प्रकार ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं से जनपद स्तरीय एवं मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजयी हुए हैं उसी प्रकार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को भी जीतना है। साथ ही उन्होंने बच्चों को जीत की शुभकामनाएं दिया तथा अनुशासित ढंग से रहने की बात कही। 124 खिलाड़ीयों के खेल दल में विभिन्न ब्लाकों की बालक बालिका सम्मिलित हैं।

राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी के रूप में महेंद्र प्रसाद, खण्ड शिक्षा अधिकारी देसही देवरिया तथा सह नोडल सूरज कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी भलुअनी एवं जया राय खण्ड शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर खेल दल के साथ लखनऊ के लिए रवाना हुई।

कार्यक्रम स्थल पर विजयपसल नारायण त्रिपाठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर, श्री संजय सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक, नरेंद्र मोहन सिंह सहित सैकड़ों अध्यापक / अध्यापिका उपस्थित रहे।

# लाभार्थी परिवारों से सीधे सम्पर्क में रहे महिला मोर्चा की पदाधिकारी : वानथी श्रीनिवासन

## हमने अपने संकल्पों को अवसर आने पर किया पूर्ण : भूपेन्द्र चौधरी



### बैठक में संगठन व चुनाव की तैयारियों पर रहा विशेष जोर

**अयोध्यां।** शाहनेवाजपुर स्थित द रामायणा होटल में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक दो सत्रों में सम्पन्न हुई। प्रथम सत्र में मोर्चा की भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी व महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने पदाधिकारियों को सम्बोधित किया। जिसके बाद राजनैतिक प्रस्ताव मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक ने प्रस्तुत किया। जिसे ध्वनि मत से पास किया गया। दूसरे सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने सम्बोधित किया। राजनैतिक प्रस्ताव व राजनीति में महिलाओं की स्थिति सुधारने पर चर्चा की गई। कार्यसमिति को सम्बोधित करते हुए महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने कहा कि कार्यकताओं की संख्या से अधिक कार्यकताओं की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। अधिक से अधिक प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं को पार्टी के साथ जोड़ना होगा। भाजपा सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए तीन तलाक समाप्त कर ऐतिहासिक कार्य किया। महिला मोर्चा की पदाधिकारी निकाय चुनाव तथा लोक सभा चुनाव के लिए तैयार रहे। घर -घर तथा दर-दर महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पहुचें। लाभार्थियों के परिवारों से सीधे सम्पर्क में रहे। जिस तरह से महिला मोर्चा की कार्यकाताओं द्वारा पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ अपनी भागीदारी की गई है। उसी प्रकार निकाय चुनाव व लोक सभा चुनाव में अपनी भागीदारी करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमने अपने संकल्पों को अवसर आने पर पूर्ण किया। 1951 में पार्टी ने कहा था कि कश्मीर से 370 हटाएंगे, भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न बनाएंगें, दोनों संकल्पों को भाजपा सरकारों ने पूर्ण किया। पालघर के अधिवेशन रामजन्म स्थान पर मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया था। वह संकल्प भी आज पूर्ण हो रहा है। उन्होने बताया कि भाजपा में कार्यकताओं तथा महिलाओं का सम्मान है। 44 प्रतिशत प्रधान 43 प्रतिशत ब्लाक प्रमुख तथा 45 प्रतिशत जिला पंचायत अध्यक्ष महिलाएं है। पार्टी हित में अपना बेहतर योगदान प्रदान करने से ही कार्यकर्ता आगे बढ़ेगा। पूर्व में 17 नगर निगम में 14 जीते थे। इस बार नगर निकाय चुनाव में अधिक से अधिक सीटें जीतनी है। तथा बोर्ड में बहुमत लाना है। सभी कार्यकताओं को भाजपा को मजबूत बनाना है। जिन्हें चुनाव लड़ने का अवसर नही प्राप्त हुआ, उन्हे घर नही बैठना है। जिसे अवसर मिला है, उसे पूरा सहयोग करना है। लाभार्थियों से सम्पर्क अभियान तेज करना है। कार्य का बंटवारा कर के अधिक से अधिक लोगों से संपर्क पर ध्यान देना है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार से जुड़े हुए लोगों का समूह हैं। भाजपा की यात्रा जनसंघ की स्थापना वर्ष 1951 से आरम्भ हुई। इससे पूर्व संघ की स्थापना वर्ष से वैचारिक प्रारम्भ हुआ। देश व प्रदेश की सत्ता का संचालन वैचारिक लोगों के द्वारा किया जाय। राजनैतिक दल के रूप में लगे आरोपों की चिंता किए बिना लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहे। आज यह छठी.पीढ़ी है। सभी की तपस्या का परिणाम है कि आज भाजपा देश ही नही विश्व की सबसे बढ़ी पार्टी है।

प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता घर-घर जाती है तथा परिवारों में सम्पर्क करती है। महिलाओं के साथ पूरे परिवार को जोड़ती है। महिलाओं को जब भी अवसर प्राप्त हुआ है, तो समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका से योग्यता प्रमाणित किया है। पूर्व की सरकारों ने जो गंदगी प्रदेश में फैला रखी थी उसे समेट कर आज प्रदेश आगे बढ़ रहा है। इनवेस्टर सबमिट में प्रदेश में अधिकाधिक निवेश आना इसका प्रमाण है। आज प्रदेश में निवेशक अपने व्यापार लागाते है और यह सोचते है कि वे सुरक्षित है। महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है। आज प्रदेश की कमान सशक्त हाथों व विचारों में है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने किया। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अश्मिता चन्द्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम का आरम्भ दीनदयाल उपाध्याय तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर तथा वंदे मातरम् के गान के साथ किया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष व सभी जिलों व महानगरों की अध्यक्ष उपस्थित रहीं।

#### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा का हुआ स्वागत

कार्यक्रम स्थल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का महिला मोर्चा की कार्यकताओं द्वारा 51 किलो की माला पहना कर किया गया। पुष्प गुच्छ देकर महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी विजय बहादुर पाठक का स्वागत किया गया। प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह देकर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा वानथी श्रीनिवासन व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया गया।

#### मंच से हुई कार्यक्रम व्यवस्था की प्रशंसा

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में व्यवस्था को लेकर प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्या ने प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय की तारीफ की। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होने से पूर्व व्यवस्था को लेकर चिंता थी। परन्तु यहां पर सभी व्यवस्थाएं प्रशंसनीय रहीं।

शनिवार की रात से ही महिला मोर्चा कार्यकताओं का होने लगा जमावड़ा

प्रदेश कार्यसमिति में शमिल होने के लिए शनिवार की रात से ही महिला मोर्चा की पदाधिकरियों अयोध्या पहुचंने लगी। बैठक में प्रदेश कार्यसमित, क्षेत्रीय अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष व महानगरों के अध्यक्ष ही आपेक्षित थी।

#### बहुत ही सराहनीय रहा महिला मोर्चा का सेल्फी अभियान : धर्मपाल सिंह

अयोध्या। शनिवार की शाम को भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की पदाधिकारियों के साथ बैठ कर आगामी चुनाव पर चर्चा की। बैठक में धर्मपाल सिंह ने कहा महिला मोर्चा द्वारा चलाया गया सेल्फी अभियान बहुत ही सराहनीय रहा। महिला मोर्चा की बूथ स्तर तक की कमेटी को सशक्त बनाना है। लाभार्थियों से लगातार सम्पर्क में रहे है। नगर निकाय व लोक सभा चुनाव के लिए महिला मोर्चा तैयार रहे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्य महामंत्री डा रश्मि रावल, डा कृतिका अग्रवाल, ऊषा मौर्या, प्रदेश मंत्री डा ममता पाण्डेय सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा चेतना पाण्डेय ने दी।

# केंद्र सरकार की योजनाओं से आमजन के जीवन में आई खुशहाली: अजय कुमार दुबे



**देवरिया: भाटपार रानी,** तहसील क्षेत्र के बड़कागांव में राष्ट्रपति के अभिभाषण के चर्चा के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने कहा कि 2014 से लेकर अब तक अपने 9 वर्षों के शासनकाल में केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों, नौजवानों, किसानों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाओं का संचालन की है। इन योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी लोगों के जीवन में खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत देश के गरीबों को रूपए पांच लाख सलाना के मुफ्त इलाज की व्यवस्था केंद्र की मोदी सरकार ने सुनिश्चित की है। विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के अंतर्गत देश में लगभग 200 करोड़ से अधिक कोरोना के वैक्सीन देश के लोगों को मुफ्त में लगाए गए हैं । लगभग नौ हजार जन औषधि केंद्रों पर सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। वहीं सोहनपार शक्ति केंद्र पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अरविंद सहाय ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर खोलने की शुरूआत केंद्र सरकार के द्वारा किया गया है। किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के किसानों को रु 6000 सालाना किसान सम्मान निधि देने का कार्य सरकार कर रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, विजय कुमार गुप्ता, सुरेश तिवारी, विजय मद्धेशिया, संजय जायसवाल, नितिन श्रीवास्तव हनुमान जयसवाल, आनंद पियूष उपाध्याय, राजेश गुप्ता, संजय गुप्ता,अजय चौहान, छोटे लाल पांडेय, रितिक गुप्ता, संजय कुशवाहा, चंदन वर्मा, धर्मेंद्र कुशवाहा, संजय यादव, अशोक तिवारी, रमाशंकर पटेल, रामप्रीत पाल, धर्मेंद्र बारी, हंस नाथ पटेल, गुड्डू तिवारी, शास्त्री पटेल, विनोद गिरि, अर्जुन कुशवाहा, योगेन्द्र कुमार उपस्थित थे। वहीं क्षेत्र के कोड़रा में क्षेत्रीय मंत्री हरि चरण कुशवाहा एवं मधऊर तथा लाखोपार में पूर्व जिला उपाध्यक्ष जय नाथ कुशवाहा गुड्डन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में गौतम प्रसाद, संतोष पटेल, नरसिंह कुवंर विश्वकर्मा, प्रेम ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### कोषागार में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बिलम्बतम 25 मार्च 2023 तक अवश्य प्रस्तुत कर दें

**ओंकार नाथ चौधरी**

**श्रावस्ती** जिले के मुख्य कोषाधिकारी गिरीश कुमार ने बताया है कि वित्तीय` वर्ष 2022-23 समाप्त होने वाला है,इसलिए जिले के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों से अनुरोध किया है कि` शासनादेश के अनुसार * कोषागार में समस्त बिल निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार विलम्बतम् दिनांक 25 मार्च 2023 तक अवश्य प्रस्तुत कर दें। दिनांक 25 मार्च 2023 तक कोषागार में बिल न प्रस्तुत करने पर सामयिक आहरण के अभाव में किसी धनराशि के व्यपगत हो जाने पर सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होगें।

# कैम्प में 11 साइकिल विद आइस बाक्स वितरित की गयी





**श्रावस्ती** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निदेर्शानुसार एवं मुख्य विकास अधिकारी ` अनुभव सिंह ` के मार्गदर्शन में मत्स्य विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 में चयनित लाभार्थियों को डी0बीटी0 प्रमाण-पत्र एवं साइकिल विद आइसबाक्स के वितरण विकास भवन में गत दिवस` मेबएक कैम्प का` आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए सहायक निदेशक` मत्स्य सुरेश कुमार` ने बताया है lकि उक्त कैम्प में जिला विकास अधिकारी रामसमुझ के द्वारा` कैम्प में 11 साइकिल विद आइसबाक्स वितरित की गयीं तथा उक्त के लाभार्थियो को डी0बी0टी0 प्रमाण-पत्र भी दिये गये। 11 लाभार्थियो में 1 महिला लाभार्थी श्रीमती छंगुरी देवी भी सम्मिलित थी। इसके अतिरिक्त तालाब निर्माण के 1 लाभार्थी को धनराशि भुगतान का प्रमाण-पत्र भी दिया गया।

# 14 मार्च को होगा श्री श्याम प्रभु का फाल्गुन महोत्सव




**सर्वहित भारत**

**गाजियाबाद :-** श्री श्याम बाबा मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम प्रभु का तृतीय फाल्गुन महोत्सव का आयोजन मंगलवार 14 मार्च को किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन संजयनगर सेक्टर 23 स्थित रामलीला मैदान में किया। संस्था के संस्थापक राजेंद्र प्रसाद गर्ग व संयोजक रवि कुमार ने बताया कि फाल्गुन महोत्सव का आयोजन 14 मार्च को सांय 6 बजे से शुरू हो जाएगा जो प्रभु इच्छा तक चलेगा। फाल्गन महोत्सव में कई भजन गायक-गायिकाएं श्याम भजनों से भक्तों को भाव-विभोर करेंगे। जयपुर से भजन गायिका उमा लहरी, दिल्ली से भजन गायिका अनुपमा शर्मा, गाजियाबाद से भजन गायक विभोर गर्ग व नंगली से भजन गायक सुबोध गोस्वामी श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। संचालन प्रफुल्ल गुप्ता करेंगे और मक्खन लाल गर्ग का सान्निध्य भी प्राप्त होगा। बाबा का दरबार, बाबा का श्रृंगार, छप्पन भोग, अखंड ज्योत व फूलों की वर्षा सभी के आकर्षण का केंद्र रहेगी। फाल्गुन महोत्सव में गाजियाबाद के अलावा आसपास के शहरों के श्याम भक्त भी आएंगे। महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। प्रवेश गुप्ता, नीरज सोनी, राजू आदि भी मौजूद रहे।

## लालू-तेजस्वी के 24 ठिकानों पर छापेमारी में तेजस्वी के खिलाफ मिले कई ठोस सबूत

**पटना।** लैंड फॉर जॉब मामले में लालू यादव और उनका पूरा परिवार फंसता जा रहा है। ईडी ने शुक्रवार को लालू परिवार के 24 ठिकानों पर हुई छापेमारी के बाद शनिवार को बताया है कि इसमें 600 करोड़ की हेराफेरी का खुलासा हुआ है। ईडी ने दावा किया है कि तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ कई ठोस सबूत मिले हैं। ईडी ने ट्वीट कर बताया है कि विशेष खुफिया इनपुट के आधार पर छापेमारी की गयी थी। जमीन लेकर नौकरी देने के मामले में दिल्ली एनसीआर, पटना, मुंबई और रांची में 24 जगहों पर छापा मारा गया था। ईडी ने बताया है कि छापेमारी में लगभग 600 करोड़ रुपये की संपत्ति गलत तरीके से अर्जित की गयी है। इनमें से 350 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। बेनामी लोगों के नाम पर 250 करोड़ रुपये के लेन-देन किए गए हैं। साथ ही एक करोड़ रुपये की बिना हिसाब-किताब की नकदी, 1900 अमेरिकी डॉलर सहित दूसरी विदेशी मुद्रा, 540 ग्राम सोने की ईंट और डेढ़ किलोग्राम से ज्यादा सोने के आभूषण बरामद किये गये हैं।

सोना के आभूषण की कीमत लगभग सवा करोड़ रुपये है। साथ ही कई संपत्तियों के दस्तावेज, बिक्री किये गये संपत्ति के कागजात और दूसरे आपत्तिजनक दस्तावेजों की बरामदगी हुई है। ईडी के मुताबिक, लालू परिवार ने अपने और बेनामी लोगों के नाम पर बड़े पैमाने पर जमीन और दूसरे सामान की खरीद की है। इन सभी के दस्तावेज मिले हैं। ईडी ने बताया कि अब तक की गई पीएमएलए जांच से पता चला है कि पटना और इसके आसपास अवैध रूप से लालू परिवार ने जमीनों का अधिग्रहण किया है। ये जमीनें लालू के परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नाम पर ली हैं। जमीन का इस समय रेट 200 करोड़ रुपये है। जमीन देने और लेने वालों की पहचान कर ली गई है। ईडी ने इन जमीनों की रजिस्ट्री के लिए खड़े किये गये कई बेनामी लोगों, फर्जी संस्थाओं और दूसरे लोगों की पहचान की है।

### भोपाल सांसद बोलीं-

# राहुल को देश से निकाल देना चाहिए, प्रज्ञा ठाकुर ने कहा- विदेशी महिला से पैदा बेटा देशभक्त नहीं हो सकता

**भोपाल।** भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए कहा- विदेशी महिला से पैदा बेटा कभी देशभक्त नहीं हो सकता। राहुल विदेश में बैठकर कह रहे हैं कि हमें संसद में बोलने का मौका नहीं मिल रहा। इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। मैं ऐसे राहुल को दुत्कारती हूं। इन्हें अब राजनीति में मौका नहीं दिया जाना चाहिए। देश से बाहर निकाल दिया जाना चाहिए।

भोपाल सांसद शनिवार को भोपाल-दाहोद ट्रेन को हरी झंडी दिखाने पहुंची थीं। सांसद ने राहुल गांधी की देशभक्ति पर सवाल उठाया। संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) रेलवे स्टेशन पर शनिवार से पांच ट्रेन को हॉल्ट दिया गया है।

कहा- कांग्रेसी सरकार को संसद चलाने नहीं दे रहे

संसद में कार्य अच्छा हो रहा है। सबकुछ अच्छा है, लेकिन कांग्रेसी लोग सरकार चलाने नहीं दे रहे। संसद चलने नहीं दे रहे हैं। उनका प्रयास है कि अगर इनकी संसद चली तो कार्य



ज्यादा होंगे। ज्यादा होंगे तो हमारा अस्तित्व बचेगा ही नहीं। उनका अस्तित्व को खत्म होने की कगार पर आ गया है, लेकिन उनकी बुद्धि भी भ्रष्ट होती जा रही है। आप (राहुल गांधी) अपने देश के नेता हैं। आपको जनता ने चुना है। आप जनता और देश का अपमान कर रहे हैं%।

आप भारत के नहीं हो, मान लिया हमने, क्योंकि आपकी माताजी इटली की हैं। हमने नहीं कहा, यह चाणक्य ने कहा है कि विदेशी महिला से उत्पन्न पुत्र कभी देशभक्त नहीं हो सकता। यह राहुल गांधी ने तय कर दिया है, क्योंकि भारत की संसद और जनता ने आपको सांसद चुना है। इतने वर्ष तक कांग्रेस की सरकार रही। आपने देश को खोखला कर दिया। आप विदेश में कहते हो कि हमें संसद में बोलने का अवसर नहीं मिल रहा। इससे शर्मनाक बात और कुछ नहीं हो सकती। मैं ऐसे राहुल गांधी को दुत्कारती हूं।

**इन्हें देश से निकालकर फेंक देना चाहिए**

सांसद ने कहा- राहुल गांधी पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए जाने चाहिए कि ये देश में कैसे राजनीति कर रहे हैं। इन्हें अब राजनीतिक अवसर नहीं देना चाहिए। इन्हें देश से निकालकर फेंक देना चाहिए।

**संत हिरदाराम नगर में पांच ट्रेन का स्टॉपेज**

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर पांच ट्रेनों को हॉल्ट यानी स्टॉपेज दिया गया है। लंबे समय से रहवासी रेल सुविधा की मांग कर रहे थे। आखिरकार इनके स्टॉपेज की मंजूरी दी गई। शनिवार से ट्रेनों को स्टेशन पर रोका जाने लगा है। सांसद ठाकुर ट्रेनों के ठहराव शुभारंभ अवसर पर स्टेशन पहुंची थीं। उक्त स्टेशन पर जयपुर-कोयंबटूर एक्सप्रेस, भोपाल-इंदौर एक्सप्रेस, भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस, पंचवेली एक्सप्रेस और मदुरै बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज होगा।

सीएम शिवराज भी बोल चुके राहुल गांधी पर हमला

मध्यप्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान पेगासस मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोल चुके हैं। उन्होंने कहा था कि पेगासस फोन में नहीं, कांग्रेस के डीएनए में है, राहुल गांधी के दिमाग में है। मुझे उनकी बुद्धि पर तरस आता है। कांग्रेस का नया एजेंडा है, विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करो। सीएम के इस हमले पर पूर्व सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पलटवार किया था। उन्होंने कहा था कि आपको सत्ता का अहंकार है।

## आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की मोदी सरकार की नीति रहेगी जारी : अमित शाह

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को हैदराबाद में CISF के 54वें स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। CISF की स्थापना 10 मार्च, 1969 को भारत की संसद के अधिनियम के तहत की गई थी। तब से, हर वर्ष 10 मार्च को CISF स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस साल CISF का वार्षिक स्थापना दिवस समारोह आज हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले 11 मार्च को शाह ने कहा था कि सीआईएसएफ भारत की आंतरिक सुरक्षा के स्तंभों में से एक है।

**पहली बार दिल्ली के बाहर की गई आयोजित**

बता दें कि ये पहली बार हुआ है कि CISF स्थापना दिवस दिल्ली के बाहर आयोजित की गई है। इससे पहले, यह गाजियाबाद में दिल्ली के बाहरी इलाके में स्थित CISFमैदान में आयोजित किया जाता था। पिछले साल, अमित शाह गाजियाबाद के इंदिरापुरम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 53वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए थे। पिछले कुछ सालों से, सभी अर्धसैनिक बल अपना स्थापना दिवस दिल्ली के बाहर मना रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि 19 मार्च को, सीआरपीएफ छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एक वार्षिक स्थापना दिवस आयोजित करेगा।

**प्रधानमंत्री मोदी ने किया आभार व्यक्त**

CISF स्थापना दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने CISF के कर्मियों को उनके स्थापना दिवस पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करने के लिए सभी कर्मियों का धन्यवाद भी किया। एक ट्वीट में, पीएम मोदी ने कहा, स्थापना दिवस पर, सभी सीआईएसएफ कर्मियों को शुभकामनाएं। हमारे सुरक्षा तंत्र में सीआईएसएफ की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे महत्वपूर्ण और रणनीतिक बुनियादी ढांचे सहित प्रमुख स्थानों पर चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करते हैं।

**अमित शाह ने दी बधाई**

हैदारबाद में आयोजित 54वें स्थापना दिवस पर अमित शाह ने सीआईएसएफ के कर्मियों को बधाई दी और देश की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को सलाम किया।

## बिहार में 2 मंदिरों में लगाई आग, किशनगंज में तनाव; प्रशासन ने संभाला मोर्चा

**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज से बड़ी खबर है। असामाजिक तत्वों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। जिले में 2 मंदिरों में आग लगा दी गई है। घटना को लेकर काफी तनाव है। अहले सुबह से ही प्रशासन और पुलिस की टीम घटनास्थल पर कैंप कर रही है। घटना विरोध में आक्रोशित लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मस्तान चौक के पास स्थित दो मंदिरों में आग लगाई गई। घटना सुबह करीब 3 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई घटनास्थल पर जुटी भीड़ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



कर रही है। प्रशासन से जल्द से जल्द मंदिरों को ठीक कराने की मांग की जा रही है। घटना के विरोध में बहादुर गंज मुख्य सड़क को लोगों ने जाम कर दिया। इस मामले में प्रशासन खामोश है। अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

रविवार की सुबह किशनगंज बहादुरगंज रोड में मस्तान चौक के समीप धार्मिक स्थल को नुकसान पहुचाने की घटना की जानकारी मिलते लोग आकोशित हो गए। धार्मिक स्थल में आग लगने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए तथा विरोध में लोगो ने किशनगंज बहादुरगंज सड़क को जाम कर दिया।

घटना की सूचना पर भाजपा नेता भी मौके पर पहुँच गए तथा दोषिओं कारवाई की मांग करने लगे। पुलिस भी मौके पर पहुँच गई तथा मामले में जांच कर कड़ी करवाई का भरोसा दिया। लोगो की मांग पर मंदिर निर्माण के लिए तुरंत ईंट और अन्य निर्माण सामग्री गिराया गया। इसके जाम हटाया जा सका। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है लेकिन तनाव व्याप्त है। भारी संख्या में पुलिस बल को अलग अलग प्वाइंट पर मजिस्ट्रेट के साथ तैनात किया गया है।

## नौ वर्ष में लंबी छलांग लगाकर अव्वल बनने की स्थिति में है भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धति-मुख्यमंत्री

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धति नौ वर्ष के अंदर लंबी छलांग लगाकर दुनिया में छाने की स्थिति में है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है। जिन्होंने पहली बार परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेद, योग, होम्योपैथ, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा को लेकर आयुष मंत्रालय का गठन किया। दुनिया 2016 से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रही है। दुनिया, देश, प्रांत, जनपद, शहर, गांव, कस्बा सभी योग से जुड़ते हैं। भारत की इस परंपरा के साथ दुनिया को जोड़ने और आयुर्वेद को दुनिया में स्थापित करने में पीएम के जो प्रयास प्रारंभ हुए। उनके परिणाम हमारे सामने हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन व प्रादेशिक आयुर्वेद सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर अपनी बात रख रहे थे। इस दौरान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन भी किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह आयुर्वेद सम्मेलन यहां आए चिकित्सकों को नई उड़ान के लिए तैयार कर रहा है। जहां यह सम्मेलन हो रहा है, वहां आयुर्वेद के कई विशेषज्ञों ने सम- विषम परिस्थितियों में बहुत कुछ कर दिखाया। खास तौर पर वैद्य रामसहाय कौशिक, वैद्य हरिदंत, कृष्ण लाल वाजपेयी, वैद्य मुरारी लाल शर्मा, पशुपति नाथ व विष्णु दत्त शर्मा ने पूरे क्षेत्र में आयुर्वेद के माध्यम से आयुष की जिस पद्धति को बढ़ाने का कार्य किया, वह अत्यंत अभिनंदनीय है। राष्ट्रपति के मानद यूनानी चिकित्सक पद्म पुरस्कार से सम्मानित हकीम सैफुद्दीन की धरती भी यही मेरठ रही है। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय सम्मेलन में आयुर्वेद की विभिन्न विधाओं को लेकर यहां चर्चा होगी। नए शोध से भी अवगत कराया जाएगा। आयुर्वेद को योग, प्राकृतिक चिकित्सा से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से पीएम के अभियान से जोड़कर हेल्थ टूरिज्म के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित कर सकते हैं।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदल दी खेल के प्रति सोच : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली/बेगूसराय।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेल के प्रति लोगों की सोच बदल दिया है। बिहार के बेगूसराय में आयोजित सांसद खेल महोत्सव एक नया इतिहास रचेगा। राज्यसभा सदस्य प्रो. राकेश सिन्हा द्वारा बेगूसराय में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए भेजे गए संदेश में अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इस महोत्सव के तहत



ताइक्कांडो, फुटबॉल और वॉलीबॉल के साथ कुश्ती एवं खो-खो जैसे परंपरागत खेल कराए गए।सांसद खेल महोत्सव एक ऐसा पटल है, जहां युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रोत्साहन से प्रेरित होकर सांसदों द्वारा यह खेल महोत्सव कराए जा रहे हैं। आज देश के कोने-कोने में सांसद खेल महोत्सव हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेल को आगे बढ़ाने के लिए जो सपना देखा, उसे सभी सांसद अपने क्षेत्र में पूरा कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि एक समय था जब खेल की ओर ना परिवार का ध्यान था, ना समाज और ना सरकार की सोच होती थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सोच को बदलने का काम किया है। प्रधानमंत्री के सोच को संसद आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। आज टोक्यो ओलंपिक, पैरा ओलंपिक, बॉक्सिंग चैंपियनशिप, थॉमस कप, कॉमनवेल्थ गेम सहित अन्य खेलों में विश्व स्तर पर पदक भारत के पक्ष में जा रहा है। उन्होंने कहा है कि बिहार के बेगूसराय की धरती पर आयोजित इस सांसद खेल महाकुंभ से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। करीब तीन हजार खिलाड़ियों ने इस खेल महाकुंभ में हिस्सा लिया है, वे सभी बधाई के पात्र हैं। छह प्रकार के विभिन्न खेल में गांव में जो छुपी जो प्रतिभा निकालकर सामने आई है। यह राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम ऊंचा करेंगे।

# 15 करोड़ का झगड़ा, हत्या की थी प्लानिंग; सतीश कौशिक के दोस्त की पत्नी ने क्या-क्या किए दावे

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता सतीश कौशिक की मौत के मामले में नए-नए ट्विस्ट आ रहे हैं। सतीश कौशिक के दोस्त की पत्नी ने अपने पति पर सतीश कौशिक की हत्या का शक जताते हुए कई और बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस केस की उच्च स्तरीय जांच के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखा है और इसकी कॉपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल को भी भेजी है। बता दें कि होली वाले दिन मौत से पहले सतीश कौशिक दिल्ली में अपने एक दोस्त विकास मालू के फॉर्म हाउस में पार्टी में शामिल होने आए थे। सान्वी ने सतीश की संदिग्ध तरीके से मौत के लिए अपने ही पति पर शक जताते हुए मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा को पत्र लिखा है। सान्वी ने यह शिकायत ई-मेल के जरिए भेजी है।

**15 करोड़ रुपये के लिए दुबई में हुआ था झगड़ा**-सतीश के दोस्त विकास मालू की पत्नी सान्वी मालू ने बताया कि सतीश कौशिक मेरे पति के दोस्त थे और वह अक्सर भारत और दुबई में हमारे घर पर भी आते थे। सान्वी मालू ने शनिवार को अपने ही पति पर बेहद संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि विकास मालू ने करीब तीन साल पहले सतीश कौशिक से 15 करोड़ रुपये इन्वेस्टमेंट के लिए उधार लिए थे, जिन्हें अब वह वापस नहीं लौटा रहा था। उन्हीं पैसों के लेन-देन को लेकर उनके बीच विवाद चल रहा रहा था। पिछले साल 23 अगस्त 2022 को दुबई में उन दोनों के बीच रुपयों को लेकर झगड़ा भी हुआ था, झगड़े के दौरान वह भी वहां मौजूद थी। विकास ने तब उन्हें भारत जाकर उनके रुपये लौटाने की बात कही थी।

**सतीश कौशिक मौत मामले में नया ट्विस्ट, पुलिस के हाथ लगी ये चीज**

सान्वी ने बताया कि झगड़े वाली रात बेडरूम में जब उसने अपने पति विकास से पूछा, ये सतीश जी कौन से रुपये मांग रहे थे तो विकास ने कहा, ये ठरकी ने 15 करोड़ दे रखे हैं जो कोरोना में डूब गए। फिर मैंने उससे पूछा कि अब क्या होगा तो उसने कहा, साला ठरकी है, किसी दिन रशियन बुलाकर ब्लू पिल्स की ओवर डोज दे देंगे तो वैसे ही मर जाएगा। इसे कौन रुपये वापस कर रहा है।

**विकास के पास ड्रग्स का बड़ा कलेक्शन**

सान्वी ने बताया कि मेरे पति विकास के पास अलग-अलग तरह की ड्रग्स जैसे- कोकीन, एमडीएमए, जीबीएच, गांजा, चरस, ब्लू पिल्स, पिंक पिल्स नशे की दवाओं का बड़ा कलेक्शन है, जिनका इस्तेमाल वह दिल्ली के सभी फार्म हाउसों की पार्टियों में करता है। मैं जब भी उससे पूछती थी कि ये ड्रग्स और पिल्स किस लिए है, तब वह मुझे कहता था, तू नहीं समझेगी।

सान्वी ने आरोप लगाया कि अगले दिन 24 अगस्त 2022 को भी सतीश कौशिक ने फिर से अपने 15 करोड़ रुपये वापस मांगे तो इस पर विकास मालू भड़क गया और बोला, तुझे एक बार कह दिया है कि नुकसान हो गया है, पर तुझे इंडिया जाकर पैसे वापस करता हूं, और ज्यादा शोर मत मचा। तूने 15 करोड़ रुपये कैश दिया है, तू कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकता। सब्र रख। यह सुन सतीश कौशिक वहां से उठकर चल दिए और विकास से बोले, तूने मुझे 15 करोड़ रुपये का प्रॉमिसरी नोट दिया हुआ है। उसी रात विकास मालू ने मुझसे कहा, सतीश कौशिक का जल्दी इंतजाम करना पड़ेगा, वरना ये चुप नहीं होगा। सान्वी का कहना है कि अब विकास की कही बात सच हो गई है।

## सम्पादकीय

# भारत में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं

भारत में पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं। बर्फ से ढके पहाड़ों से लेकर महासागर में फैले द्वीप पर्यटन क्षेत्र को विविधताओं से भर देते हैं। भारत में समृद्ध सांस्कृतिक और एतिहासिक विरासत मौजूद है। यही कारण है कि पर्यटन उद्योग नए आकाश ढूंढ रहा है। जरूरत है नए विचारों के साथ आगे बढ़ने की। इस उद्योग में 80 फीसदी भागीदारी निजी क्षेत्र की है लेकिन इसके साथ-साथ सौहार्दपूर्ण माहौल, सुरक्षा, सतर्कता, ट्रैफिक व्यवस्था और सस्ती परिवहन सुविधाओं की जरूरत होगी। इनमें राज्य सरकारों की जिम्मेदारी भी है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें पर्यटन उद्योग का दायरा बढ़ाने की हर सम्भव कोशिश कर रही हैं। कोरोना महामारी के दो साल बाद अब भारत में एक बार फिर पर्यटन तेजी से बढ़ने लगा है। किसी भी राष्ट्र के लिए पर्यटन आर्थिक सुव्यवस्था का एक सशक्त माध्यम होता है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वोत्तर राज्यों के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि आवागमन के सुविधाजनक माध्यम न होने से पूर्वोत्तर क्षेत्र अन्य राज्यों से पिछड़ गया था। जब से वे प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने पचासों बार क्षेत्र का दौरा कर लोगों की पूर्वोत्तर क्षेत्र के प्रति जिज्ञासा बढ़ा दी है। प्रधानमंत्री का यह भी कहना है कि पर्यटकों को आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने से यहां पर्यटन क्रांति आएगी तथा क्षेत्र के लोगों को अधिकाधिक संख्या में रोजगार उपलब्ध होगा और जनता खुशहाल होगी। पर्यटन को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक सशक्त माध्यम माना जाता है। पर्यटन क्षेत्र देश के शीर्ष सेवा उद्योगों में से एक है। आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है, वहीं पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था इस उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई है। कई देश जैसे श्रीलंका में विस्फोटक स्थिति के लिए पर्यटन उद्योग का ठप्प होना प्रमुख कारण बताया गया है। पर्यटन क्षेत्र के विकास से न केवल लोगों को रोजगार मिलता है, बल्कि दूसरे प्रांत से आए लोगों के रहन-सहन, सभ्यता-संस्कृति के आदान-प्रदान करने में सहूलियत होती है। वैश्विक दृष्टि से देखा जाए तो पर्ययन विश्व का सबसे बड़ा कमाऊ क्षेत्र बना है। वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 फीसदी तक योगदान दे रहा है। हालांकि भारत में अभी भी इस क्षेत्र का योगदान महज 6.7 फीसदी है। पड़ोसी देशों जैसे चीन (8.6), श्रीलंका (8.8), इंडोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9) तथा थाइलैंड (13.9) प्रतिशत के साथ हमसे काफी आगे हैं।सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का 6.23 फीसदी योगदान है जबकि भारत के कुल रोजगार में 8.78 फीसदी योगदान है। वर्ष 2022 में करीब 62 लाख विदेशी पर्यटकों ने भारत की यात्रा की। जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष सबसे ज्यादा पर्यटक पहुंचे। देश के धार्मिक स्थलों पर भी पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है।पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने एक नई पर्यटन नीति 2023 का मसौदा तैयार किया है। इससे भारत में पर्यटन क्षेत्र को नया रूप मिलने की उम्मीद है। इस मसौदे में पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए इसे उद्योग का दर्जा देने का जिक्र किया गया है। साथ ही होटलों को औपचारिक तौर से बुनियादी ढांचे में शामिल किया गया है। नीति के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान को बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। हाल ही में सरकार ने जानकारी दी थी कि संबंधित हितधारकों और दूसरे मंत्रालयों से इस मसौदे पर फीडबैक मिलने के बाद इसे संशोधित किया गया है। सभी पक्षों से जरूरी अनुमति मिलने के बाद इस नीति को अमल में लाया जाएगा।केन्द्र सरकार ने 2030 तक पर्यटन उद्योग के जरिये 56 बिलियन डॉलर विदेशी मुद्रा अर्जित करने और अगले 7 वर्ष में 14 करोड़ नौकरियां सृजन करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ प्रकृति को संरक्षण भी देना होगा और यह भी देखना होगा कि पर्यटक स्थलों पर कचरा न जमा हो और प्रदूषण न हो। पर्यटन को देखने, समझने का एक नजरिया विकसित करना होगा। कभी-कभी विदेशी पर्यटकों से लूट या महिलाओं से दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हो जाती हैं। इन्हें भी रोकने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

# वन्यजीवों के अस्तित्व पर मंडराता संकट



क्रांति कुमार पाठक



विश्व वन्यजीव कोष की कुछ माह पहले आई 'लिविंग प्लैनेट' रिपोर्ट 2022 काफी चिंतित करने वाला है। क्योंकि इस रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है कि वन्यजीव आबादी में 1970 से 2018 के बीच तकरीबन 69 प्रतिशत की कमी आई है। चूंकि यह रिपोर्ट 5230 नस्लों की तकरीबन 32000 आबादी पर केंद्रित है। लिहाजा इसकी विश्वसनीयता पर संदेह नहीं किया जा सकता। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब वन्यजीवों की घटती आबादी को लेकर चिंता जताई गई है। बीते वर्ष ही नेशनल ऑटोनामस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि पृथ्वी अपने छठे व्यापक विनाश युग में प्रवेश कर चुकी है और वन्य जीवों के खत्म होने की प्रक्रिया जारी है।

वैज्ञानिकों का आकलन है कि आगामी वर्षों में जीवों की कुल प्रजातियों में से तकरीबन 75 प्रतिशत विलुप्त हो सकती है। प्रासीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नामक जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक बीते सौ वर्षों में धरती से 200 वटीर्वेट जीवों की प्रजातियां विलुप्त हुई हैं। जबकि इतनी प्रजातियों की विलुप्ति दस हजार साल में होनी चाहिए थी। इसके अनुसार अब तक पृथ्वी पर जितने जीव हुए हैं उनमें से 50 फीसदी से अधिक विलुप्त हो चुके हैं। इनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप मछलियां आदि शामिल हैं।

इसी तरह समुद्री जैव विविधता पर भी लोगों का प्रभाव बढ़ रहा है और मछली पकड़ने का दबाव, भूमि तथा महासागर में अम्लीकरण का बढ़ना आदि ऐसे कारण हैं, जिनसे समुद्री जीवों पर भी विलुप्ति का संकट मंडरा रहा है। जंगलों में अतिक्रमण, कटान, बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यटन के नाम पर गैरजरूरी गतिविधियों के कारण पूरी दुनिया में जैव विविधता पर संकट मंडरा रहा है। यह पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का साफ संकेत है।

हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट के मुताबिक वैसे तो पूरी दुनिया में वन्यजीवों की आबादी तेजी से घट रही है, लेकिन 1970 के बाद से लैटिन अमेरिका तथा कैरेबियाई क्षेत्रों में वन्यजीव आबादी में करीब 49 फीसदी तक की गिरावट आई है, जबकि अफ्रीका में 66 और एशिया में 55 फीसदी गिरावट हुई है। जबकि मछली पकड़ने में करीब 18 गुना वृद्धि होने के कारण शार्क तथा ह्यरेह्ल मछलियों की संख्या में 71 फीसदी की कमी हुई है, जबकि ताजा पानी में रहने वाली प्रजातियों में सर्वाधिक 83 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है, जो किसी भी प्रजाति समूह की तुलना में सबसे बड़ी गिरावट है।

दरअसल, बड़े पैमाने पर प्राकृतिक संसाधनों के दोहन, उद्योगीकीकरण, शहरीकरण, शिकार, वृक्षों की कटाई आदि कार्यों से धरती में बड़े बदलाव हो रहे हैं। प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण दुनिया भर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। वनस्पतियां तथा जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां मिलकर ही आवश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और वन्य जीव चूंकि हमारे मित्र भी हैं, इसलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है।

इससे पहले इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्जर्वेशन ऑफ नेचर की वर्ष 2021 की रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि दुनिया भर में वन्यजीवों तथा वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले समय में इनके धरती से गायब होने की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कन्जर्वेशन ऑफ नेचर ने विश्व भर में करीब 1.35 लाख प्रजातियों का आकलन करने के बाद इनमें से 37,400 प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानकर ह्यलाल सूचीह्ल में शामिल किया था।

इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्वभर में 9 सौ जैव प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं और 37 हजार से ज्यादा पर विलुप्त होने का संकट मंडरा रहा है। अगर जैव विविधता पर संकट इसी प्रकार मंडराता रहा, तो विश्वभर में दस लाख से अधिक प्रजातियां खतरे की श्रेणी में या विलुप्ति के कगार पर होंगी। दुनिया के सबसे वजनदार पक्षी ह्यएलिफेंट बर्डह्ल का अस्तित्व अब धरती से खत्म हो चुका है। इसी प्रकार एशिया और यूरोप में मिलने वाले रोएंदार गैंडे की प्रजाति भी अब इतिहास बन चुकी है। समुद्र में 70 वर्ष तक का जीवन चक्र पूरा करने वाला डूगोंग प्रजाति का ह्यस्टेलर समुद्री गाय नामक जीव भी विलुप्त हो चुका है।

एक अन्य शोध में यह चौंकाने वाला तथ्य आया है कि 97 वें फीसदी धरती की पारिस्थितिकी सेहत बेहद खराब हो चुकी है और मानवीय हस्तक्षेप से दूर रहने के कारण तथा वहां के स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमिका से केवल तीन फीसद हिस्सा पारिस्थितिकी रूप से सुरक्षित रह गया है। ह्यफ्रंटियर्स इन फारेस्ट एंड ग्लोबल चेंजह्ल नामक एक पर्यावरण विज्ञान जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में शोधकताओं का कहना है कि मानवीय हस्तक्षेप के कारण पृथ्वी के जैव विविधता वाले क्षेत्रों में इतनी तबाही मच चुकी है कि धरती का केवल तीन फीसद हिस्सा इससे पूरी तरह बचा रह पाया है। ब्रिटेन स्थित स्मिथसोनियन एनवायरनमेंटल रिसर्च सेंटर के शोधकर्ता किंबली कोमात्सू के मुताबिक विश्व के केवल 2.7 फीसद हिस्से में अप्रभावित जैव विविधता बची है, जो बिल्कुल वैसी ही है, जैसी पांच सौ वर्ष पूर्व हुआ करती थी। शोधकताओं के अनुसार अप्रभावित जैव विविधता वाला क्षेत्र जिन-जिन देशों की सीमाओं के अंतर्गत आता है, उनमें से केवल ग्यारह फीसद क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है और संबंधित सरकारें इस ओर ध्यान नहीं दे रही हैं। अप्रभावित जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से अधिकांश उत्तरी गोलार्ध में हैं, जहां मानव उपस्थिति कम रही है, लेकिन अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ये जैव विविधता से समृद्ध नहीं थे।

धरती पर वन्यजीवों के अस्तित्व पर मंडराते संकट को लेकर शोधकताओं का कहना है कि अधिकांश प्रजातियां मानव शिकार के कारण लुप्त हुई हैं, जबकि कुछ अन्य कारणों में दूसरे जानवरों का हमला तथा बीमारियां शामिल हैं। हालांकि कुछ सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर शोधकताओं का मानना है कि धरती के ऐसे बीस फीसद हिस्से की जैव विविधता को बचाया जा सकता है, जहां अभी पांच या उससे कम बड़े जानवर ही गायब हुए हैं, लेकिन इसके लिए मानव प्रभाव से अछूते क्षेत्रों में कुछ प्रजातियों की बसावट बढ़ानी होगी, जिससे पारिस्थितिक तंत्र को लाभ होगा।

जलवायु परिवर्तन के कारण हाल के समय में विलुप्त हुई प्रजातियों, उनके इधर-उधर जाने तथा पृथ्वी पर वर्तमान में मौजूद विभिन्न प्रजातियों के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद अमेरिका की यूनिवर्सिटी आफ एरिजोना के शोधकताओं ने अनुमान लगाया है कि अगले पचास वर्षों में पौधों तथा जानवरों की एक तिहाई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी। शोधकताओं ने दुनिया भर के 581 स्थानों से 538 प्रजातियों पर निरंतर दस वर्षों तक अध्ययन करने के बाद पाया कि अधिकांश स्थानों पर 538 प्रजातियों में से 44 फीसद प्रजातियां विलुप्त हो चुकी हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मौसमी कारकों का अध्ययन करने के बाद शोधकताओं का कहना है कि अगर गर्मी ऐसे ही बढ़ती रही तो 2070 तक दुनिया भर में कई प्रजातियां विलुप्त हो जाएंगी।

बहरहाल, पर्यावरण वैज्ञानिकों का कहना है कि जंगलों में अतिक्रमण, कटान, बढ़ते प्रदूषण तथा पर्यटन के नाम पर गैरजरूरी गतिविधियों के कारण पूरी दुनिया में जैव विविधता पर संकट मंडरा रहा है। यह पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का साफ संकेत है और अगर इसमें सुधार के शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## विचार

### पैर छूकर प्रणाम का विज्ञान

कहते है की पैर छूकर प्रणाम करना विनम्रता का सूचक है साथ ही इससे खून का सही से संचार भी होता रहता हैं । पहले समाज में रिश्ते बड़ो को प्रणाम करना आदि अहम बातें बहुत महत्व रखते थे । इसके विपरीत आज चाचा- चाची, फूफा -फूफी, मामा, मामी आदि जैसे सारगर्भित रिश्तो पर अंकल-आंटी शब्द का लेबल लग गया है । इस कारण नजदीक और दूर के रिश्तों को पहचानना मुश्किल हो गया हैं । या यो कहे की जिससे हित सधे वो रिश्ते अच्छे नहीं सधे वो रिश्ते खराब । भारतीय संस्कृति द्वारा वर्णित स-संस्कार जिनके अनुसार बड़ों को पैर छूकर समुचित प्रणाम करना सहित आदर एवं छोटों को स्नेह पाठ पढ़ाया जाता है उससे आज हम विमुख होते जा रहे हैं । सच्चाई, प्रेम, सहिष्णुता, परोपकार की भावना, कर्तव्यनिष्ठा, संयम, सादा जीवन -उच्च विचार देशभक्ति करुणा इत्यादि मानवीय गुण मात्र पुस्तकीय बातें या फिर भाषण बनकर रह गए हैं। हेलो, हाय के संस्कृति के मायाजाल में नमस्कार या प्रणाम करने में झिझक महसूस होने लगी है । टी . वी व मोबाइल आदि पर प्रसारित कार्यक्रमों से भी चरित्र निर्माण में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पहले संयुक्त परिवार में सभी बच्चे मिलजुल कर हर चीज बॉटकर इस्तेमाल करते थे । आजकल एकल परिवार के होने के कारण सामाजिक नहीं रहे और उनकी सोच स्वयं तक ही सीमित रहती है। पहले घर के बाहर के खेल ज्यादा थे, खानपान भी शुद्ध था , शारीरिक श्रम भी था जिससे वे तंदुरुस्त रहते थे पर आजकल टेलीविजन - मोबाइल में ज्यादा समय,अशुद्ध खानपान व शारीरिक श्रम कम होने से ज्यादा बीमारियां होने लगी हैं। आज हमें अविलंब अपना विवेक जगाना होगा इसी में हमारा, समाज,और देश का हित है । पैर छूने की प्रणाम की सही से प्रणाली निरन्तर विकसित हो । यह छोटों द्वारा बड़ों के प्रति आदर सूचक तो है ही साथ ही साथ वैज्ञानिक दृष्टि से लाभप्रद भी हैं ।



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )



# बेटो को अपने बूढ़े माता-पिता के खांसने की आवाज भी नागवार गुजरने लगती है



**रामपुर।** भारतीय संस्कृति में माता-पिता को भगवान से भी ऊपर का दर्जा दिया जाता है। कहा जाता है कि अगर आप अपने मां-बाप की सेवा करते हैं तो उसका पुण्य चारों धामों की यात्रा से भी अधिक होता है । मां बाप हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखते है और मां बाप की वजह से हम आज इस दुनिया में हैं। मां बाप की सेवा जीता जागता तीर्थ है। भारतीय संस्कृति हमें अपने बजुर्ग माँ बाप का आदर सम्मान करना सिखाती है। अपने माता-पिता की सेवा करना ईश्वर की सेवा करने के बराबर है। माता-पिता की सेवा करना ही पुत्र का सबसे बड़ा धर्म है।

भारत देश में वृद्धाश्रमों की दिन-ब-दिन बढ़ती संख्या बेहद चिंताजनक है । बहुत ही शर्मनाक है कि भारत में वृद्धाश्रमों में न जाने ऐसे कितने बुजुर्ग रह रहे हैं, जिन्होंने अपने बच्चों को दिन रात मेहनत कर पढ़ा लिखाकर सफल इंसान बनाया, परन्तु जब बच्चों की बारी आई तो उन्हें अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया। समाज की यह कैसी विडंबना है कि जिन बच्चों के लिए मां-बाप पूरा जीवन खपा देते हैं, उम्र के आखिरी पड़ाव पर वही बच्चे उनकी परवरिश से हाथ खींच लेते हैं। हैरत की बात यह है कि हर रोज ऐसे-ऐसे मामले सामने आ रहे है कि आर्थिक रूप से सक्षम अपने बेटों और बहुओं के होते हुए भी बूढे माँ-बाप वृद्धाश्रमों में रहकर दिन गुजार रहे है । बेटो को अपने बूढ़े माता-पिता के खांसने की आवाज भी नागवार गुजरने लगती है। पाश्चात्य सभ्यता के चलते आज भारत की युवा पीढ़ी भूलती जा रही है कि भारत में भगवान श्रीराम अपने पिता राजा दशरथ के वचनों को पूरा करने के लिए संपूर्ण वैभव को त्याग 14 वर्ष के लिए खुशी - खुशी वन चले गए थे और श्रवण कुमार अपने अंधे माता पिता को कांवर में बैठा कर तीर्थ यात्रा के लिए लेकर गए थे ।कहते है माँ बाप के कदमों में स्वर्ग-जन्नत होती है।

आज समाज में नैतिक मूल्यों का इतना पतन हो गया है कि तिनका-तिनका जोड़कर अपने बच्चों के लिए आशियाना बनाने वाले बड़े बुजुर्ग जिंदगी के अंतिम दिन बिताने के लिए खुद आशियाने की तलाश में दर-ब-दर भटक रहे हैं । आज जिस तरह से पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर हमारी युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति नैतिक मूल्यों को भूलकर अपने माँ बाप को वृद्धाश्रमों में छोड़ रहे रही है वह बेहद चिंता का विषय है। हालात यह हो गए कि भरा पूरा परिवार होने के बाद भी बुर्जुग वृद्धाश्रम में अपनी जिंदगी काटने के लिए मजबूर है। देश में शहर-दर-शहर बहुत ही तेजी से वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या व्यापक सामाजिक स्तर पर नैतिक मूल्यों के पतन की कहानी है। नास्ति मातृसमा छायाए नास्ति मातृसमा गतिरू नास्ति मातृसमं त्राणंण नास्ति मातृसमा प्रियाश। ह्यमहाभारतह्ल के रचयिता महर्षि वेदव्यास ने ह्यमाँह्ल के बारे में लिखा है कि माता के तुल्य कोई छाया नहीं है, माता के तुल्य कोई सहारा नहीं है। माता के सदृश कोई रक्षक नहीं तथा माता के समान कोई प्रिय नहीं है। जीवन में माँ बाप के योगदान को कोई भूल नहीं सकता, भारत के मिसाइलमैन के नाम से मशहूर देश के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न से सम्मानित वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माँ को देते थे, उनके अनुसार ह्यमैं अपने बचपन के दिन नही भूल सकता, मेरे बचपन को निखारने में मेरी माँ का विशेष योगदान था। रामायण में भगवान श्रीराम अपने श्रीमुख से कहते हैं ह्यजननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसीह्लअर्थात जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है।

माँ बाप की सेवा के लिए मनुस्मृति में मनु लिखते हैं, यं मातापितरौ क्लेशं सहेते संभवे नृणाम् । न तस्य निष्कृतिः शक्या कर्तुं वर्षशतैरपि ॥ अर्थात संतान की उत्पत्ति में माता-पिता को जो कष्ट-पीड़ा सहन करना पड़ता है उस कष्ट पीड़ा से संतान सौ वर्षों में भी अपने माँ बाप की सेवा करके मुक्ति नही पा सकते।।

आमतौर पर शहरों में देखा जाता है कि भारत में नैतिक मूल्यों का इस हद तक हस्र हो चुका है कि बेटे अपने आलीशान मकान में किरायेदार रख सकता है, लेकिन बूढ़े मां-बाप के लिए जगह नहीं है। जीवन के अंतिम मुकाम पर पहुंचकर मां-बाप खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं क्योंकि जिन माता-पिता ने अपने बेटे को पाला-पोसा, पढ़ाया-लिखाया और उन्हें उनके पैरों पर खड़ा किया, वे ही बेटे आज के दौर में बूढ़े मां-बाप को बोझ समझने लगे हैं। आए दिन बच्चों द्वारा मां-बाप की हत्या की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

वृद्धाश्रमों में ऐसे बहुत से बुजुर्ग हैं, जो संपन्न परिवार से हैं। जिनके बेटों के पास पैसों की कमी नहीं है लेकिन वह अपने मां-बाप को साथ नहीं रखना चाहते है । वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का एक ही बेडा दुख है। उनका कहना है कि इंसान भगवान से बेटे इसलिए मांगता है कि बुढ़ापे में बेटे उनकी लाठी बनकर सहारा दे, ताकि जिंदगी का आखिरी दौर आसानी से कट जाए। पर अगर मां-बाप के जिंदा रहते बेटे उन्हें न पूछें, ना सेवा करें तो मरने के बाद श्राद्ध करने का क्या फायदा? सेवा करनी है तो जीते जी करो, मरने के बाद क्या होगा, किसने देखा है।



माता पिता की सेवा करना ही धर्म

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक मनोज कुमार कश्यप ने यूरेशिया प्रिंटिंग प्रेस 270 फूल बाग कॉलोनी सूरज कुंड रोड मेरठ से छपवाकर, 277 नारंगपुर, थाना परीक्षितगढ, जिला मेरठ से प्रकाशित किया (संपादक मनोज कुमार) किसी भी विवाद के लिए न्याय क्षेत्र मेरठ होगा

# भीम आर्मी,आजाद समाज पार्टी संस्थापक का भव्य स्वागत

**सर्वहित भारत**



**थाना भवनः** आजाद सामाज पार्टी के वरिष्ठ नेता मास्टर राजकुमार सैनी के आवास पर अचानक पहुंचे भीम आर्मी,आजाद समाज पार्टी संस्थापक का भव्य स्वागत किया गया। थानाभवन नगर के मेला ग्राउंड में आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता मास्टर राजकुमार सैनी के आवास पर शनिवार को शाम के समय अचानक पहुंचे भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण पहुंचे। थानाभवन में पहुंचने पर उनको भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के उपरांत पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया की उनके लिए हर कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है। वह अक्सर अपने कार्यकताओं से मिलना जुलना जारी रखते है। छोटे से छोटे कार्यकर्ता से भी उनको कुछ ना कुछ सीखने को मिलता है। इसी कड़ी में आज अपने वरिष्ठ नेता सहारनपुर मण्डल उपाध्यक्ष राजकुमार सैनी के आवास पर आना हुआ है। उनसे जब चुनाव संबंधी बात की गयी तों उन्होंने बताया की उनके लिए हर चुनाव महत्वपूर्ण है। 2023 में मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर उनकी कड़ी मेहनत चल रही है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष पितांबर प्रजापति, स्टेट कोर कमेटी सदस्य दीपक राणा ,भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन ,राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य और जोन प्रभारी नीटू सिंह,मंडल उपाध्यक्ष नरेश जयंत ,उत्तराखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल ओजस्वी आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत बहसूमा की साफ सफाई की लापरवाही से परेशान हो रहे हैं कस्बा निवासी

**सर्वहित भारत**
**अभिषेक गौड़**





अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बहसूमा मेरठ। ग्राम वासियों ने अधिशासी अधिकारी नवीन राय को कराया अवगत है कि पिछले कुछ दिनों से आपके नगर बहसूमा के बटवाली रोड़ नव निर्माण नाला बनाया गया था उसकी सफाई ना होने के कारण वहाँ रह रहे परिवार ओर दुकानदारों को मच्छर से उत्पन बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है जिस कारण लोगो को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण कॉलोनी निवासी में रोष पैदा हो गया है अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि इस प्रकरण पर अपने कर्मचारियों द्वारा इस डिफेंस कालोनी के नाले को जल्द से जल्द सफाई करवाने का कष्ट करे साफ सफाई करने के लिए डिफेंस कॉलोनी निवासियों और ब ह सूमा व्यापार मंडल संगठन आशीष कुमार सिंघल और अन्य कार्यकारिणी पद अधिकारियों ने अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की जिसके बाद नवीन रॉय ने उन्होंने साफ सफाई का पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है

# थाना बहादराबाद गोकशी कर गौ मांस को मोटरसाइकिल पर परिवहन करने वाला गौ तस्कर गिरफ्तार

**सर्वहित भारत**

दिनांक 11-03-2023 को उत्तराखंड गौवंश संरक्षण स्क्वायड गढ़वाल परिक्षेत्र हरिद्वार को मुखबिर खास द्वारा बी एच ई एल तिराहा बहादराबाद के पास सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा थाना क्षेत्र भगवानपुर स्थित सिकरोड़ा में गोकशी की गई हैं उनमें से एक व्यक्ति गोमांस के तैयार माल को मोटरसाइकिल पर बिक्री हेतु थाना बहादराबाद क्षेत्र अंतर्गत लाने वाला है। सूचना पर विश्वास कर नजदीकी थाना क्षेत्र बहादराबाद से अतिरिक्त पुलिस बल के रूप में उपनिरीक्षक अशोक सिरस्वाल





चौकी प्रभारी बाजार बहादराबाद एवं कॉन्स्टेबल विजेंद्र सिंह को तलब कर काली माता तिराहा बहादराबाद में उक्त वाहन की चेकिंग की गई तो एक व्यक्ति काले रंग की मोटरसाइकिल ४स्र11 9061 पर कलियर की तरफ से बहादराबाद की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। जिसको रोक कर चेक किया गया तो इसकी पीठ पर लदे काले रंग के बड़े बैग में 20 गौ मांस से भरी हुई पैकिंग पॉलीथिन बरामद हुई जिसने पूछताछ में बताया कि उसने एवं उसके साथी असलम उर्फ टांडा, अजीम निवासी ग्राम सिकरोड़ा के द्वारा मिलकर एक गाय को काटा गया था। जिसके गौ मांस को वह अलीपुर गांव के रुखसाना के घर लेकर जा रहा था उक्त सभी अभियुक्त गण के विरुद्ध थाना बहादराबाद पर धारा 3/5/11 उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अन्य अभियुक्त गण की तलाश जारी है। अभियुक्त असलम उर्फ टांडा के विरुद्ध पूर्व में भी थाना भगवानपुर में भी अभियोग पंजीकृत हैं।

# 12 मार्च को जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिलेभर के युवा करेंगे प्रतिभाग।

## फिटनेस मॉडल रूबल धनकड़, गायिका चंचल बंजारा, यूथ आइकन वंश त्यागी सहित विभिन्न हस्तियां होगी शामिल।

**सर्वहित भारत**

**बागपत।** माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण को आत्मसात करते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केन्द्र बागपत द्वारा 12 मार्च को बड़ौत के जनता वैदिक कॉलेज के प्रांगण में युवा उत्सव कार्यक्रम में युवाओं के नजरिए से नए भारत में रची बसी कला संस्कृति की झलक दिखाती प्रतियोगिताएं होंगी। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में युवा कलाकार, लेखक, फोटोग्राफर, वक्ता प्रतिस्पर्धा करेंगे और पारंपरिक कलाकार देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे। युवा उत्सव का विषय पंच प्रण और इंडिया @2047 होगा। युवा उत्सव का उद्घाटन सांसद डॉ सत्यपाल सिंह करेंगे। वहीं समापन में राज्यमंत्री केपी मलिक और विधायक योगेश धामा शिरकत करेंगे। वहीं जानी मानी युवा हस्तियों में फिटनेस मॉडल रूबल धनकड़, गायिका चंचल बंजारा, कंटेंट क्रिएटर वंश त्यागी भी युवा उत्सव को विशेष मनाने के लिए कार्यक्रम में शामिल होंगे।

जिला युवा अधिकारी अरुण तिवारी ने बताया कि युवा उत्सव के अंतर्गत आयोजित युवा कलाकार टैलेंट हंट- पेंटिंग, यंग राइटर्स टैलेंट हंट, फोटोग्राफी टैलेंट हंट, भाषण प्रतियोगिता और सांस्कृतिक उत्सव- समूह कार्यक्रम में जनपद के 300 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण किया है। वहीं युवा उत्सव में सरकारी विभाग भी स्टाल लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे। उन्होंने बताया कि युवा उत्सव आयोजन संबंधी समस्त तैयारियां पूरी हो चुकी है। पेंटिंग, कविता लेखन व एंड्राइड मोबाइल फोटोग्राफी के प्रथम विजेता को एक हजार, द्वितीय विजेता को 750 व तृतीय को 500 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इसी तरह भाषण में 5000 प्रथम, 2000 द्वितीय व एक हजार तृतीय पुरस्कार होगा। समूह नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय पुरस्कार 2500 व तृतीय पुरस्कार 1250 रुपये निर्धारित किया गया है।

# महंत मार्तंड पशुपति पंकज त्यागी बने महामंडलेश्वर

**सर्वहित भारत**



**साहिबाबादः** 12 मार्च दिन रविवार साहिबाबाद एक्सटेंशन में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज ब्रह्मऋषि गौरीशंकर आचार्य महाराज जी आचार्य महामंडलेश्वर सच्चिदानंद पशुपति जी कृष्णानंद पशुपति जी महाराज योग गुरु स्वामी सदानंद पशुपति जी महाराज एवं कई संतो ने शंख नाद करते महामंडलेश्वर बनाया गया और कार्यक्रम की शुरूआत एक रथ यात्रा निकालकर की गई यात्रा श्याम पार्क मंदिर से होते हुए दिवाकर मॉडर्न पब्लिक स्कूल पहुंची जहां पर जगतगुरु शंकराचार्य का जोरो से स्वागत किया गया एवं संत नाथ किया गया उसके बाद हवन मैं पूणार्हुति दी गई अब महंत मार्तंड पशुपति पंकज त्यागी को विधि विधान के साथ महामंडलेश्वर का दायित्व दिया गया इसमें क्षेत्र के शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे महामंडलेश्वर के साथ महंत मार्तंड पशुपति पंकज त्यागी को पशुपति अखाड़ा उत्तर प्रदेश का प्रवक्ता भी बनाया है

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने समीर शर्मा को दी वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई

**सर्वहित भारत**



**गाजियाबाद/**व्यापारी एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष समीर शर्मा की शादी की सालगिरह पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल की टीम द्वारा उनके आवास पर पहुंच कर समीर शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी आरती शर्मा को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने केक काटकर व पटका पहना कर दोनों दंपतियों को सुखमय वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने उन्हें व्यापार मंडल की तरफ से उनकी फोटो भेंट की। प्रदेश महामंत्री प्रदीप चौधरी और अशोक भारतीय ने दोनो दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए केक कटवाकर और सबमें बटवाकर मोतियों की माला पटका पूरी टीम के साथ पहनाया । मेरठ मंडल सचिव विशाल जैन ने कुंदन का हार भेंट किया। वहीं पत्रकार अपूर्वा चौधरी ने शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पेंसिल स्केच पोट्रेट बनाकर भेंट किया। इस अवसर पर मनोज गुप्ता, नरेश वर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एमएमएच कॉलेज और पर्यावरण संस्था कीआड करेंगे मिलकर काम

**सर्वहित भारत**

**गाजियाबाद :** महानंद मिशन हरिजन कॉलेज गाजियाबाद एवं शिक्षा, पर्यावरण एवं वन्य जीव संरक्षण के क्षेत्र मे काम करने वाली संस्था कोटा एक्सपर्टस एनवायरनमेंट इम्पैक्ट एक्सेसमेंट डिवीजन (के. ई.ई. आई .ए. डी.)के बीच मे समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षर किया गया। इस एम.ओ.यू. पर कालिज की तरफ से प्रधानाचार्य प्रोफेसर पियूष चौहान एव संस्था की तरफ से प्रिंसिपल रिसर्चर डॉ विजय विश्वास ने हस्ताक्षर किए तथा गवाह के रूप मे कालिज के समाज शास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ राकेश राणा ने हस्ताक्षर किए।



कालिज के शिक्षक डॉ राकेश राणा ने बताया कि दोनों संगठनों ने इस समझौता ज्ञापन में वर्णित,पर्यावरण, शिक्षा, अनुसन्धान और सतत विकास पर छात्रों के लिए प्रशिक्षण और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों पर सहयोग के क्षेत्रों पर सहमति व्यक्त की है तथा दोनों संगठन पर्यावरण, वन्य जीव संरक्षण और प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन शमन, वायु प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ कृषि जैसे पर्यावरण के क्षेत्रों में अनुसंधान, जन जागरूकता और संवर्धन के लिए साझेदारी स्थापित करने पर सहमत हैं। कीआड, 2012 में पंजाब में पंजीकृत एक गैर-सरकारी राष्ट्रीय संगठन कोटा एक्सपर्टस एजुकेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का साइंटिफिक रिसर्च विंग है, जो मुख्य रूप से पर्यावरण, वन्य जीव, अद्रभूमि,पक्षी संरक्षण और उन्नय अनुसंधान और जन जागरूकता तथा वायु प्रदूषण प्रबंधन, जल सरक्षण, जलवायु परिवर्तन, हरित ऊर्जा, अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन, वृक्षारोपण, सतत विकास, के क्षेत्र में कार्य कर रही है.

कीआड के प्रिंसिपल रिसर्चर डॉ विजय विश्वास ने कहा कि दोनों संगठनों का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा और सतत विकास लक्ष्यों (#रउ्रह्र) के लिए अनुसंधान गतिविधियां और तकनीकी नवाचार, तथा छात्र-छात्रों, शोधकताओं, संकायों और आम जनता के बीच पर्यावरण व वन्य जीव सरक्षण के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना; जमीनी कार्य के साथ पर्यावरणीय चिंताओं के विषयों पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन, संगोष्ठिया, सेमिनार, कार्यशालाएँ, प्रशिक्षण, बैठक आदि जैसे विभिन्न शैक्षणिक और वैज्ञानिक गतिविधियों को आयोजित करना होगा। वर्तमान मे जलवायु परिवर्तन, वैश्विक तपन, वायु प्रदूषण, पानी की कमी, इलेक्ट्रॉनिक कचरा जैसी वैश्विक समस्या अहमारे सामने है जिसके लिए सरकारी, गैर सरकारी संस्था एव शैक्षिक केंद्रों को मिलकर काम करना होगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पियूष चौहान ने इस हस्ताक्षर ज्ञापन पर बहुत खुशी व्यक्त की और उन्होंने कहा कि यह समझोंता एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे हमारे छात्र-छात्रों को दुनिया के पर्यावरणीय मूददों की जानकारी होगी और जमीन पर कुछ कार्य करने का मौका भी मिलेगा। हम संस्था के साथ मिलकर उपरोक्त निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करेंगे. आज इस समझौता पत्र पर सहमति बनाने में डॉ उत्तम जी, डॉ रविंद्र यादव जी, हरिदत्त शर्मा और आई. क्यू. ए. सी. के कनवीनर डॉ अनिरुद्ध भार्गव जी मौजूद रहे।

# बुराइयों को जलाने अच्छाइयों को अपनाने का त्योहार है होली: सांसद विजयपाल सिंह



**सर्वहित भारत**

12 मार्च 2023 को इनद विजय फार्म हाउस ग्राम भटपुरा में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक कृष्ण कुमार (केके) सिंह तोमर पुत्र राज्यसभा सांसद श्री विजय पाल सिंह तोमर ने किया। आज के कार्यक्रम में 4-5 हजार से ज्यादा व्यक्तियों का जनसैलाब इस कार्यक्रम में उमड़ा। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि होली मिलन कार्यक्रम ना होकर बहुत बड़ी रैली है और युवाओं का रेला उत्साह में कई बार आयोजक कृष्ण कुमार की प्रशंसा मे नारे लगा रहा था। "कृष्ण कुमार आप आगे बढ़ो हम तुम्हारे साथ हैं" कृष्ण कुमार तोमर ने पहले सभी का स्वागत किया और अंत में होली मिलन समारोह में आने के लिए आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय पाल सिंह तोमर माननीय सांसद राज्यसभा ने कहा की होली का त्यौहार दुगुर्णों बुराइयों को जलाने का पर्व है । अच्छाइयां ग्रहण करने का पर्व है। यह पर्व समाज में स्नेह का संदेश फैलाता है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मजदूरों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों आदि के विकास का कार्य कर रही है और विकास में ही होली का उत्सव है ।

मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार दिनेश खटीक ने कहां की मैंने माननीय सांसद श्री विजय पाल सिंह तोमर से ही राजनीति का ककहरा सिखा है और आज मैं जो हूं, वह भी माननीय सांसद जी की जी के आशीर्वाद से ही हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा पुत्र कृष्ण कुमार सिंह तोमर जैसा सभी माता-पिता की अपेक्षा होती है। आज के कार्यक्रम की सफलता का पूरा शरीर मैं कृष्ण कुमार सिंह तोमर को देता हूं। कार्यक्रम का संचालन क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान के चेयरमैन तस्वीर सिंह चपराना ने किया । कार्यक्रम में मंत्री संजीव गोयल सिक्का, पूर्व एमएलसी श्री हेम सिंह पुंडीर, प्रदेश मंत्री भाजपा श्री चंद्र मोहन सिंह, जिला अध्यक्ष भाजपा श्री विमल शर्मा जी, महामंत्री जिला श्री भंवर सिंह तोमर जी, सुधीर त्यागी आदि ने आज के कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया।

आज के कार्यक्रम में मुख्यतः मनोज कुमार ब्लॉक प्रमुख सरूरपुर, कौशल चौहान ब्लाक प्रमुख रजपुरा ,अनिल प्रधान अखेपुर जिला पंचायत सदस्य, अजय प्रताप सिंह ,श्याम मोहन गुप्ता ,अशोक अग्रवाल , राजू ठेकेदार,अनुज तोमर, अंकित चौधरी , इंद्रपाल बजरंगी ,अजीत चौधरी ,रोबिन गुर्जर कैप्टन सुभाष, इंजीनियर सुरेंद्र वर्मा , जी.एम.श्री बृजपाल सिंह चौहान, मनोज धामा, प्रोफेसर किरण सिंह, प्रोफेसर विवेक त्यागी, प्रोफेसर देवेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक में भाजपा नेता पवन आश्री को कुरुक्षेत्र लोकसभा का टिकट देने की हुई वकालत।

**सर्वहित भारत**
**कुरुक्षेत्र(राकेश कशयप)।** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला कुरुक्षेत्र की सर्कट हाउस में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मांग की गई कि कुरुक्षेत्र भाजपा से लोकसभा का टिकट आगामी लोकसभा चुनाव में इस बार बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ से जुड़े भाजपा के उस ईमानदार कर्मठ कार्यकर्ता को दिया जाए जो स्थाई निवासी ओर भाजपा के समस्त कार्यकताओं की समस्याओं का प्रमुखता से निदान करवाने में भी सक्षम हो,उपस्थित भाजपाइयों ने इस के लिये विगत 45 वर्षों से संघ,भारतीय जनसंघ ओर भाजपा से सक्रिय रूप से जुड़े हरियाणा भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ कुरुक्षेत्र जिला के संयोजक पवन आश्री के नाम का सुझाव दिया जिस का अनुमोदन भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के कुरुक्षेत्र जिला के सह संयोजक व संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक अशोक जादू सहित उपस्थित समस्त भाजपाइयों ने किया। भाजपा नेता पवन आश्री ने बैठक में उपस्थित भाजपाइयों को भरोशा दिलाया कि यदि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा आलकमान ने उन्हें कुरुक्षेत्र से लोकसभा का टिकट दिया तो वे भारी मतों से कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से विजयश्री दिलाएंगे।उन्होंने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट के सभी भाजपाइयों व आम नागरिकों को भरोसा दिलाया कि उन के घर के



दरवाजे आम जनता के लिये 24 घंटो खुले है और कोई भी कुरुक्षेत्र लोकसभा का नागरिक अपनी समस्याओं के निदान के लिये उन के पास आ सकता है ,वे सभी लोगो की समस्याओं का प्रमुखता से निदान करवाने में कोई भी कसर नही छोड़ेंगे। जनसंघ के समय से भाजपा से जुड़े भाजपा नेता फतेह चंद गांधी,वीरेंदर शर्मा,ज्योति खंगवाल,संगीता आदि ने भी भाजपा आलाकमान से आगामी चुनाव में भाजपा नेता पवन आश्री को लोकसभा टिकट देने के लिये आलाकमान से वकालत की। भाजपा नेता पवन आश्री ने बताया कि उन के संवर्गीय पिता इंजीनियर व डॉक्टर सतीश चंद्र आश्री भी भारतीय जनसंघ के फाउंडर सदस्य थे,जिन्होंने संवर्गीय भाजपा नेता डॉ मंगलसेन जी के साथ भी वर्षों काम किया और उन के पिता व वे स्वयं हरियाणा के हितों की लड़ाई लड़ते हुए सांसद रतन लाल कटारिया के साथ अम्बाला सेंट्रल जेल में भी कई दिन बंद रहे।उन के पिता जनसंघ से ओल्ड करनाल जिले के अध्यक्ष रहने के साथ साथ भाजपा में भी अनेक वरिष्ठ पदों पर रहे। पवन आश्री को भरोसा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा आलाकमान उन्हें अवश्य कुरुक्षेत्र से टिकट देगा।उन्होंने बताया कि इस मामले उन की भाजपा आलाकमान के दिल्ली में रहने वाले दो वरिष्ठ भाजपा नेताओं से भी मुलाकात हुई है और उन्होंने भी उन की मदद करने का पूरा भरोशा दियाया है



# खुदाई के समय सोने चांदी की मुद्राएं निकलने का मामला बना चर्चा का विषय

## - खुदाई वाले स्थान का पौराणिक इतिहास से है नाता
## - खुदाई से मिले खजाने को कौड़ीयो के दाम खरीदने की चर्चा
## - मैसेज वायरल होने पर खुफिया तंत्र भी सक्रिय

**सर्वहित भारत**
**थानाभवन-** निर्माण कार्य के लिए चल रही खुदाई के समय खुदाई करते हुए मजदूर को प्राचीन काल की सोने-चांदी की प्राचीन मुद्राएं मिलने की चर्चा अब सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। चर्चा वायरल होने के बाद खुफिया तंत्र भी सक्रिय हो गया है। वही खुदाई के समय मिले खजाने को हड़प करने वालों में अब खलबली मची है। सोशल मीडिया में एक मैसेज तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें यह दावा किया जा रहा है कि थानाभवन दिल्ली सहारनपुर नेशन हाईवे मार्ग पर निर्माण कार्य के दौरान नीव खुदाई से सोने चांदी की प्राचीन मुद्राएं काम कर रहे एक मजदूर को मिल गई थी। चर्चा है कि मजदूर ने खुदाई के दौरान मिली कुछ कीमती मुद्राओं को कस्बे के ही एक राजनीति से संबंध रखने वाले ज्वेलर्स के यहां बेच दी थी। जिसमें मजदूर से कीमती मुद्राओं को कोड़ियों के भाव खरीदे जाने की चर्चा है। मजदूर द्वारा प्राचीन मुद्रा को बेचकर मिले रुपयों से अपने सगे संबंधी को दावत भी दी गई। जिसके कारण चर्चा आम लोगों में भी फैल गई। मामला करीब एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। बात अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। कई लोग सोशल मीडिया में इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि करोड़ों रुपए के खुदाई के दौरान मिले प्राचीन खजाने को कस्बे के कुछ चर्चित भू माफियाओं एवं राजनीतिक रसूख रखने वाले लोगों ने दबाव बनाकर मजदूर से हड़प लिया है। अब मामला सोशल मीडिया में फैलने के बाद चर्चा का विषय बना है। लोगों का कहना है कि दिल्ली सहारनपुर हाईवे मार्ग पर जिस जगह पर कॉलोनी काटी गई है वह स्थान प्राचीन इतिहास से संबंध रखता है। इस समय पर महाभारत कालीन एक कुआं भी मौजूद है जिसमें पुरानी लिपि से लिखा हुआ एक पत्थर भी लगा हुआ है कई लोगों का कहना है कि अक्सर इस जगह से सोने चांदी की प्राचीन मुद्राएं कई अन्य लोगों को भी मिल चुकी हैं। अगर इस जगह पर पुरातत्व विभाग गम्भीरता से संज्ञान लेकर जांच पड़ताल करें तो प्राचीन इतिहास से जुड़ी काफी जानकारी एवं पुराना खजाना मिलने के भी आसार हैं। सोशल मीडिया में चर्चा फैलने के बाद खुफिया तंत्र भी सक्रिय हो गया। सूत्रों के मुताबिक थानाभवन पुलिस भी मिले खजाने को कोडियो के दाम पर खरीदने वाले ज्वेलर्स का पता लगाकर उस पर कार्रवाई करने की तैयारी में है।

# आज विश्व का ऐसा कोई कोना नही है जहां भारत का डंका न बज रहा हो : नरेंद्र डाबला,

## भारतीय जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित।

**सर्वहित भारत**
**कुरुक्षेत्र**
**(राकेश कशयप)।** भारतीय जनता पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय बैठक सर्किट हाऊस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पवन आश्री ने की व मुख्य वक्ता के तौर पर जिला विस्तारक नरेंद्र पाल डाबला मौजूद रहे। बैठक में भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक अशोक जाडू भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। जिला विस्तारक नरेंद्र पाल डाबला का बैठक में पधारने पर जिला संयोजक पवन आश्री, सह संयोजक अशोक जाडू, रामनारायण मदान, फतेहचंद गांधी, ज्योति खंगवाल, संगीता, शिवानी, सुरेंद्र शर्मा व केवल कृष्ण ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्य वक्ता नरेंद्र पाल



डाबला ने कहा कि कांग्रेस भारत जोडों यात्रा निकाल रही है जबकि भारत कही से भी टूटा नही हुआ है। राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा पर कटाक्ष करते हुए नरेंद्र डाबला ने कहा कि अफगानिस्तान से लेकर म्यमांर तक भारत एक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक देश पर राज किया। यदि भारत कही से टूटा है तो वह कांग्रेस की नीतियों के कारण टूटा है। नरेंद्र डाबला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के नेता विश्व जोड़ों यात्रा में निकले हुए। आज विश्व का ऐसा कोई कौना नही है जहां भारत का डंका न बज रहा हो। आज भारत रक्षा के क्षेत्र में, आर्थिक क्षेत्र में मबजूत हुआ है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से लेकर आज देश जितना समृद्ध है वह इससे पहले कभी नही रहा। भारत की बागड़ोर ऐसे मजबूत हाथों में है कि आज विपक्ष के लोग भी प्रधानमंत्री की नीतियों की प्रशंसा करने पर मजबूर हो गए है। जिला संयोजक पवन आश्री ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों का घर-घर जाकर प्रचार प्रसार करे। कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ होते है। भाजपा में सभी कार्यकताओं का मान-सम्मान किया जाता है। पवन आश्री ने कहा कि भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का कुरुक्षेत्र में जल्द ही राष्ट्रीय सम्मेलन करवाया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पवन आश्री ने कहा कि यदि पार्टी उन्हें टिकट देती है तो पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। मंच संचालन केवल कृष्ण ने किया। बैठक को सह संयोजक अशोक जाडू, रामनारायण मदान, फतेहचंद गांधी, ज्योति खंगवाल ने भी संबोधित किया।

# सेसन जज ने किया 26 केसों का मोके पर निवारण।

**सर्वहित भारत**
**कुरुक्षेत्र(राकेश कशयप)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम दुष्यंत चौधरी ने बताया कि हरियाणा स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी( हालसा) के दिशा निदेर्शानुसार, माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी



के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा एम ए सी टी के केसों के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया।इस लोक अदालत में डॉ अमित कुमार गर्ग , माननीय एडिशनल सैशन जज के द्वारा 26 केसों का मौके पर ही निपटारा किया गया` इस लोक अदालत में 91 केस निपटारे के लिए रखे गए थे`

# सावित्री बाई फुले के परिनिवाण दिवस पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ

**राजू चौधरी/सर्वहित भारत**
**बुलन्दशहर :** शिकारपुर नगर के चेनपुरा चौराहे के निकट ओमकार धर्मशाला में सभी सम्मानित गणमान्य नागरिकों ने सावित्री बाई फुले के परिनिवाण दिवस के मौके पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जिसमें सभी ने अपने-अपने विचार रखे तथा मीटिंग का संचालन अरुण गौतम, ने किया इस मौके पर डॉ कालीचरण गौतम, विचित्र कुमार, जितेन्द्र सैनी, सोनू, नीरज कुमार, अर्जुन सिंह, इदरीश गाजी, लोकेश गौतम, जैकी, रवि सैनी, योगेश कोरी, सोनू डीजे, गिरीश कुमार, देव गौतम शिक्षक, महेश कुमार राज, सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।



# मंगलौर पुलिस ने शान्ति भंग के जुर्म में 4 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संवाददाता श्याम सुन्दर/सर्वहित भारत**
**दिनांक- 11.03.2023** को सूचना मिली की मोहल्ला लालबाडा मंगलौर मैं दो पक्ष पैसों के लेनदेन के कारण झगड़ा व मारपीट पर उतारू है। जिसकी सूचना तत्काल प्रभारी निरीक्षक मंगलौर द्वारा उप0 निरीक्षक अकरम अहमद चौकी प्रभारी बाजार मंगलौर को देकर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए इस पर उपनिरीक्षक अकरम अहमद द्वारा हमराह कर्म0गणों को मौके पर पंहुचे जहां पर निम्नलिखित 4 व्यक्ति आपस में झगड़ रहे थे पुलिस टीम द्वारा काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया परन्तु नही माने और उग्र होने लगे, मौके पर



शान्ति भंग होने के अंदेशे से अन्य कोई चारा न देख अभि0गण उपरोक्त को अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी के जुर्म से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया, यदि अभियुक्तगण को गिरफ्तार नही किया जाता तो अवश्यक कोई संज्ञेय अपराध कारित कर सकता था। अभि0गणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# थाना समाधान दिवस में आई दो शिकायतें मौके पर एक भी शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण

**राजू चौधरी/सर्वहित भारत**
**बुलन्दशहर :** शिकारपुर कोतवाली में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचन्द्र शर्मा, की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया है थाना समाधान दिवस में फरियाद लेकर पहुँचें दो फरियादी जिसमें से मौके पर एक भी समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया शिकारपुर थाना समाधान दिवस, में सुनी जन समस्याएं एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश कोतवाली में थाना समाधान दिवस में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचन्द्र शर्मा, द्वारा थाना समाधान दिवस में उपस्थित रह कर लोगों की जनसमस्याएं सुन कर उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही राजस्व सम्बन्धी प्रकरणों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय बना कर जल्द से जल्द निस्तारण कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कोतवाल मोहनलाल कुमार, कस्बा इंचार्ज जोगेन्दर मलिक, एस आई मनोज कुमार पटेल, एस आई विशाल कुमार मलिक, मौजूद रहे ।



# एक शाम खाटू नरेश के नाम आयोजित कार्यक्रम मे दिल्ली जयपुर से आये कलाकारो ने बाबा के भजनो पर श्रृद्धा लओ को झूमने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम मे पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा भी आम श्रृद्धालु की तरह उनके बीच देर रात्री तक आनन्द लेते रहे

**सर्वहित भारत**
शुक्रवार की रात्री नगर पंचायत के दिल्ली सहारनपुर स्थित सीटी गार्डन मे शिवम तायल व दिव्याशु कश्यप के सोजन्य से एक शाम खाटू नरेश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे दिल्ली से आयी भजन गायिका टिंवकल शर्मा ने भगवान गणेश वन्दना व बालाजी वन्दना के पश्चात भजनो के माध्यम से पंडाल को भक्ती मय कर श्रद्धालुओ को झूमने को मजबूर कर दिया खाटू वाला खाटूवाला गोविन्द घोड़े वाला- दरबार हजारो है ऐसा दरबार कहाँ जो श्याम से मिलता है कहाँ मिलता है और कहा-पलको का घर मेरा श्याम प्यारा है- खाटू . बाला खाटू बाला धमाल करता है शरण मे हर मानव की रक्षा करता है आदि भजनो से श्रोत्राओं को भाव विभोर कर दिया अर्ध रात्री के पश्चात . जयपुर से आये आयुष सोमानी ने देर रात्री तक श्रोताओ को अपनी आवाज व भजनो से बाधे रखा उन्होने हारा हू बाबा पर तुमपर भरोसा हे- सुन लो कन्हेया अर्जी हमारी पार उतारो न उतारो मर्जी तुम्हारी- बिगड़ी बनाने बाले बाबा तुम्हारी शरण मे



आया हू- मेरा एक साथी है बडा ही भोला है आदि भजनो से बातावरण भक्त मय बना दिया हरिद्वार से आये विजय गोयल ने संचालन करते हुये तुमने मेरे सावरे सब काम कर दिये- यहाँ कितने आये अपना जीवन हार के जीवन सुधार दिया एक बार निहार के आदि भजनो पर श्रृद्धालुओ को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया मुजफ्फर नगर से आये दो कलाकारो ने सभी भजनो पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम मे पूर्व कैवनेट मत्री सुरेश राणा श्रृद्धालुओ के बीच जाकर बैठे रहे बाद मे आयोजको को पता चलने पर उन्हे मंच पर बुला कर सम्मानित किया इसके बाद पूर्व मत्री श्रृद्धालुओ के बीच ही देर रात्री तक भजनो का आन्नद लेते रहे कार्यक्रम देर रात्री तीन बजे फूलो की बर्षा व महा आरती के साथ समाप्त हुआ कार्यक्रम मे संगीत नरेश शुभम म्यूजिकल ग्रुप ने दिया कार्यक्रम को सफल बनाने मे पकंज कुमार अनमोल शर्मा आदेश कुमार शुभम तायल सुरेन्द्र कश्यप शुभम सिघल लवी शर्मा अर्थव गोयल को विशेष योगदान रहा

# हरियाणा सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और खुशहाली के मामले में पिछड़ा : सुल्तान जडौला

**सुल्तान जडौला ने गांव सांच में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत किया ग्रामीणों को संबोधित**
**कहा: 25 को सोनीपत में पदार्फाश रैली तो 2 अप्रैल को यमुनानगर में विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम**

**सर्वहित भारत**
**पूंडरी/कुरुक्षेत्र**
**(राकेश कशयप):**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने पूंडरी हलके के गांव सांच में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाने के साथ प्रदेश की गठबंधन सरकार की हर वर्ग विरोधी नीतियों का पदार्फाश किया। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने सुल्तान जडौला का फूलों की माला डालकर स्वागत किया।

ग्रामीणों की सभा को संबोधित करते हुए सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि आगामी 25 मार्च को सोनीपत में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष नेता चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में ह्यहाथ से हाथ जोड़ोह्ण अभियान के समापन पर पदार्फाश रैली और 2 अप्रैल को यमुनानगर में



विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम आयोजित होगा। हरियाणा कांग्रेस के नेता व कार्यकत्ता लगातार सडक पर उतरकर जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बीजेपी-जेजेपी सरकार को उखाड़े फैंकने तक यह संघर्ष इसी तरह जारी रहेगा। हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस सरकार बनने पर कार्यकत्ताओं के इसी जोश को जनसेवा में तबदील किया जाएगा। पार्टी के पक्ष में चल रही हवा चुनाव आने तक तूफान में तब्दील हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, अपराध, असुरक्षा, हिंसा, नशा, बेरोजगारी, महंगाई, कर्ज और बदहाली लगातार बढ़ती जा रही है व प्रदेश सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और खुशहाली के मामले में पिछड़ता जा रहा है। कांग्रेस के कार्यक्रमों के प्रति जनता के रुझान व उसमें हर स्तर पर लोगों की भागीदारी से जनता का रुख स्पष्ट है। जनता प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। सुल्तान जडौला ने कहा कि आज ग्रामीण हरियाणा ई-टेंडरिंग जैसी जबरदस्ती थोपी गई नीति के चलते सरकार से नाराज है तो शहरी वर्ग प्रॉपर्टी आई.डी. की मार झेल रहा है। वहीं गरीब जनता परिवार पहचान पत्र के चलते सरकारी सुविधाओं व योजनाओं से वंचित हो रहे हैं। किसान, नौजवान, कर्मचारी से लेकर पंच और सरपंचों तक पर सरकार ने लाठीचार्ज किया है। इसमौके पर भारी संख्या में ग्रामीण व कार्यकत्ता मौजूद थे।

## मनचले युवक ने महिला दारोगा का पीछा कर की हूटिंग, दो घंटे खिलाई हवालात की हवा फिर छोड़ा

**अभिषेक गौड़ /सर्वहित भारत**



उत्तरप्रदेश में मनचले युवाओं पर हो रही तमाम कार्यवाहियों के बाद भी मनचले युवकों के हौंसले पस्त नहीं हो रहे हैं। मनचले युवा आए दिन स्कूल कॉलेज जा रही युवतियों छात्राओं पर अश्लील फब्तियां कसते हैं तो वहीं मवाना नगर में मनचले पुलिस दारोगा को भी छोड़ने को तैयार नहीं है। ताजा मामला मवाना नगर का है जहां एक मनचले ने महिला दरोगा का कार से पीछा कर हूटिंग शुरू कर दी जिसके बाद महिला दारोगा ने गाड़ी के नंबर से युवक की पहचान कर स्टॉफ को भेजकर मनचले को उठवा लिया तथा दो घंटे तक हवालात में रखकर चेतावनी देकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि बहसूमा निवासी महिला दरोगा स्कूटी से हस्तिनापुर से मवाना की ओर आ रही थीं। वह मवाना थाने में एंटी रोमियो इंचार्ज अंजुम थीं। युवक उनकी स्कूटी का हस्तिनापुर से पीछा कर रहा था। उस समय महिला दरोगा प्राइवेट ड्रेस में थीं। वह मवाना थाने पहुंचीं और गाड़ी का नम्बर थाने में स्टाफ को दिया। जिसके बाद स्टाफ ने गाड़ी के नंबर को ट्रेस कर युवक को हिरासत में ले लिया आरोपी युवक बहसूमा थाना का रहने वाला है। उसने अपना नाम अंकित बताया और महिला दरोगा से हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा। पहले महिला दरोगा ने युवक को काफी हड़काया और उसके बाद थाने में बिठा दिया युवक को दो घंटे तक थाने में बिठाया घटना की जानकारी मिलने पर मवाना नगर के कुछ व्यापारी नेता थाने पहुंच गए तथा पुलिसकर्मियों की मानमनौव्वल की जिसके बाद पुलिस ने युवक को हिदायत देकर छोड़ दिया घटना नगर में घंटों तक कोतुहल का विषय रही।

## परिवार समाधान केन्द्र में समाज सेवियों की टीम ने विघटित परिवारों में समाधान कराने का प्रयास किया। जिसमें आये पाच मामलो मे एक दम्पति के बीच टीम समझौता कराने में सफल रही।

**सर्वहित भारत**
नगर पंचायत कार्यालय सभागार में भवन क्षेत्राधिकारी श्रेष्ठा ठाकुर के निर्देशन में प्रत्येक रविवार को होने वाले परिवार समाधान केन्द्र का आयोजन किया गया। जिनमें विघटित परिवारों के समाधान के लिए पांच परिवारों को बुलाया गया। जिसमें समाजसेवियों की टीम ने परिवारों में समाधान का प्रयास किया। समाज सेवियों की टीम के प्रयास के बाद एक दम्पति ने एक दूसरे के साथ दौबारा नये जीवन की शुरूआत करने का निर्णय लिया। दम्पति ने एक दूसरे को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर नये जीवन की शुरूआत की। इस दौरान डॉक्टर तोहिद हसन,डॉक्टर नीति सिंह,मास्टर रमेश चन्द,मास्टर अनुज, मास्टर फरजन्द अली, कास्टेबल सन्नी कुमार,कास्टेबल अंजली आदि मौजूद रहे।

## चार अभियुक्तों को आपस में झगड़ते हुए, पुलिस ने किया शांति व्यवस्था भंग के आरोप में गिरफ्तार कर हवालात में किया बंद

**(संवाददाता नफीस खान)/सर्वहित भारत**




**सर्वहित भारत (हरिद्वार )** थाना पथरी क्षेत्र के इक्कड़ कला गाँव में चार अभियुक्तों को आपस में लड़ाई झगड़ा करना पड़ गया महंगा, थाना पथरी क्षेत्र की पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर किया हवालात में बंद,आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे चारों युवकों को वही मौके पर पुलिस और ग्राम वासियों के द्वारा चारों युवकों को समझाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस और ग्राम वासियों की बात झगड़ा कर रहे चारों युवकों की समझ में नहीं बैठी, वहीं चारों युवक भी झगड़ा करने पर उतारू रहे जिसमें थाना पथरी पुलिस ने शाहनवाज पुत्र ताहिर निवासी कस्बा लंढौरा और तंजीम पुत्र नसीम निवासी कस्बा लंढौरा और नईम अहमद पुत्र अब्दुल गफूर निवासी घोड़े वाला थाना बहादराबाद और ईनाम पुत्र हाशिम निवासी इक्कड़ कला को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में इन चारों अभियुक्त गणों को गिरफ्तार कर थाने में ले आई,और चारों अभियुक्तों के खिलाफ धारा 151 सीआरपीसी में कार्यवाही कर चारों अभियुक्त गणों को न्यायालय के सक्षम प्रस्तुत किया जा रहा है

## चोरी की घटना कारित करने वाले दो अभियुक्त चोरी की ट्राली, अवैध असलहा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर सहित गिरफ्तार, गुलावठी पुलिस का सराहनीय कार्य

**सर्वहित भारत**
**राजू चौधरी**



**बुलन्दशहर** : गुलावठी जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत बीती रात्रि में थाना गुलावठी पुलिस द्वारा एक अभिसूचना पर ग्राम नत्थूगढी के सामने हाईवे से दो शातिर चोरो को चोरी की ट्राली, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर व अवैध असलहा, कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर मुअसं- 104/23 धारा 379,411 भादवि व 3/4/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता शमशाद पुत्र हसमत निवासी भमैडा थाना बाबूगढ जनपद हापुड इकरार पुत्र इसरार निवासी देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड बरामदगी चोरी की गयी एक ट्राली एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस एक चाकू एक ट्रैक्टर स्वराज घटना में प्रयुक्त उल्लेखनीय हैं कि अभियुक्तों द्वारा दिनांक 10/03/2023 की रात्रि में थाना गुलावठी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम देवली से गन्ने से भरी ट्राली को चोरी किया गया था तथा गन्ने को भोजपुर के पास बेचकर रुपये आपस में बांट लिये थे गिरफ्तार करने वाली टीम जितेन्द्र कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना गुलावठी एस आई राजकुमार, कुशल तेवतिया, माइकल बैसला, नरेन्द्र कुमार, मोहित मलिक, दिनेश तोमर ।

## स्कूल बस से कुचलकर मासूम छात्रा की हुई मौत

**अभिषेक गौड़ /सर्वहित भारत**
**मेरठ/लावड़** कस्बा लावड़ रॉड स्थित एक मिनारा मस्जिद के पास शनिवार की दोपहर स्कूल बस से उतरने के दौरान एक मासूम बच्ची हादसे का शिकार हो गई। हादसे के चलते बस से उतर रही बच्ची बस के पिछले पहिए के नीचे आकर कुचली गई। हादसा होने पर लोगों ने बस चालक की जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह चालक को बचाया और घंटों हंगामे के बाद पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कस्बा लावड़ के मोहल्ला गुली निवासी सोनू कुरैशी की 4 वर्षीय पुत्री आसिफा दौराला मसूरी रोड स्थित पर सिकंदर अब्बास के बने हैडवे कालेज ऑफ एजुकेशन की प्री नर्सरी की छात्रा थी। स्कूल बस प्रतिदिन छात्रों को उसके घर के सामने लेने और छोडने आती थी। शनिवार की दोपहर स्कूल की छुट्टी के बाद छात्रा स्कूल बस में सवार होकर अपने घर के लिए आई थी। इस दौरान बस रुकने पर छात्रा अपने स्टॉपिज पर उतर गई। अचानक स्कूल बस चालक चिंदौडी निवासी अमृत ने बस चला दी। जिससे मासूम छात्रा की बस के पहिए के नीचे आकर सर कुचलने से मौत हो गई। हादसा होता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाते हुए बस चालक को दबोच लिया और जमकर पिटाई कर दी। छात्रा की मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह लोगों की भीड़ से बस चालक को छुड़ाते हुए हिरासत में लेकर उपचार दिलाया। मृतक छात्रा के परिजनों और कस्बा वासियों ने स्कूल बस पर परिचालक नही होने और ट्रांसपोर्टर की लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया और पुलिस को मासूम छात्रा का शव नही उठाने दिया। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा कर शांत कराया और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। चौकी इंचार्ज रविंद्र मलिक ने बताया कि तहरीर आने पर जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा युवा कश्यप राजपूत सभा 184 ने चलाया समाज में जागरूकता अभियान: रणधीर कश्यप सुलखनी।

**लिया मीटिंग में सेंकडो लोगो ने भाग कार्यकारिणी भी की गई गठित।**



**सर्वहित भारत**
**इंद्री/कुरुक्षेत्र**
**(राकेश कशयप)।**
इंद्री में हरियाणा युवा कश्यप राजपूत सभा 184 के मीटिंग हुई ।जिसकी अध्यक्षता कर्मबीर कश्यप एडवोकेट इंद्री ने की ।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रणधीर कश्यप सुलखनी, चेयरमैन एवं प्रभारी व विशिष्ट अतिथि मन्नू कश्यप घरोंडा, प्रदेश अध्यक्ष युवा सभा जय भगवान कश्यप ,प्रदेश अध्यक्ष सीनियर एडवोकेट राम कुमार कश्यप चेयरमैन, राजबीर कश्यप वकील व साथ में जिला प्रधान सोनू टूर व रिंकू कश्यप करनाल व रविंद्र कश्यप कुरुक्षेत्र ,गोपाल कश्यप पानीपत सभा के अन्य पदाधिकारी भी पहुंचे। हलके के रामेश्वर कश्यप, हरि सिंह कश्यप, रोहित कश्यप, एडवोकेट बलराम कश्यप, सुरेंद्र कश्यप ,हरिकिशन कश्यप ,एडवोकेट रणबीर कश्यप ,कुलदीप कश्यप, प्रमोद कश्यप आदि मौजूद रहे ।प्रमोद कश्यप को हल्का इंद्री का प्रधान नियुक्त किया गया ।और साथ में अन्य नियुक्तियां भी की गई।
रणधीर कश्यप सुलखनी ने कश्यप समाज के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग राजनीति में आगे आए और अपने समाज का नाम रोशन करें ।कहा कि आज हमारे समाज के लोग राजनीति में बहुत ही कम सक्रिय हैं जिसके चलते हमें राजनीति में भाग लेते रहना चाहिए ,जिससे हमारे एमएलए सांसद और मंत्री हो जिससे हमारे समाज का नाम रोशन हो।हमें चाहिए कि हम बच्चों को शिक्षित बनाएं शिक्षित बनेंगे तभी देश का विकास कर सकेंगे।

## आदर्श शादी में नव दम्पति को आँखें के पर्यावरण रक्षकों ने पौधा भेंट कर दिलाया शादी की प्रत्येक वर्ष गाँठ पर पौधा रोपण करने का संकल्प।



**बुढाना व छपरौली :-** आदर्श शादी में नव दम्पति को आँखें के पर्यावरण रक्षकों ने पौधा भेंट कर दिलाया शादी की प्रत्येक वर्ष गाँठ पर पौधा रोपण करने का संकल्प। क्षेत्र के गाँव हरिया खेड़ा में सनातन पद्धति से सम्पन्न हुई दहेजरहित आदर्श शादी में सामाजिक संस्था आँखें के पर्यावरण रक्षक समाजसेवी रवि कुमार एडवोकेट व आँखें के डायरेक्टर समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय, जितेन्द्र कुमार बली ने शादी के पवित्र बन्धन में बन्धे नवदम्पत्ति शिवानी सुपुत्री स्वर्गीय अरविन्द स्वामी हरियाखेड़ा (मुजफ्फरनगर) एवं रोहित (अग्निवीर) पुत्र स्वर्गीय ओमबीर सिंह निवासी शबगा (बागपत) को पौधा भेट कर शादी की प्रत्येक वर्ष गाँठ पर पौधा रोपण करने का संकल्प दिलाया। नवदम्पत्ति रोहित (अग्नि) व शिवानी दोनों के पिता स्वर्गवासी है शादी में दोनों परिवार के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा और बिना दहेज के हुई इस आदर्श शादी की क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध व्यक्तियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय ने कहा प्रकृति हमारी माँ है और उसकी रक्षा कराना हमारा धर्म है।ओजोन की परत में बढता हुआ हॉल व प्रदुषित हो रहा पर्यावरण सम्पूर्ण विश्व के लिए चिन्ता का विषय है। समाजसेवी रवि कुमार एडवोकेट ने कहा यदि सभी व्यक्ति प्रति वर्ष एक पौधें का रोपण करे तो पौधा रोपण के नाम पर देश का खर्च होने वाला करोड़ों रूपया बचाया जा सकता है। इस अवसर पर ममता देवी, मुकेश देवी, गमन देवी, देवांशी, जितेन्द्र बली, यशपाल फौजी, रामअवतार, एडवोकेट रवि कुमार, समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय, रामनारायण, ऋषि पाल, मास्टर राकेश सरोहा आदि उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा मेरठ में आयोजित प्रादेशिक आयुर्वेदिक सम्मेलन में दिए गए भाषण के प्रमुख अंश

**सर्वहित भारत**
मेरी पहली यात्रा को मुख्यमंत्री जी ने यादगार बना दिया। मेरे हेलीकॉप्टर को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में उतरवाया। राज्यपाल महोदया से मेरा परिचय पुराना है। मैं आप सबको बता दूं कि राज्यपाल महोदया की कलम बहुत मजबूत है। इस प्रांत के मुख्यमंत्री जी सरल और सख्त अपने नाम के ही अनुरूप हैं। मुख्यमंत्री जी ने सही कहा कि भारत ने एक बड़ी छलांग लगाई है। वढ२ल्ल ल्ली६२ ङ्म१ १ॅ३ १ीं२ङ्मल्ल२. मन बहुत खुश हो जाता है जब लोग उत्तर प्रदेश की चर्चा करते हैं। काफी समय से पहले मेरी रामदेव जी से मुलाकात हुई थी, मैंने उनसे कहा कि कोई ऐसा उपाय बताओ कि कोर्ट में दोनों पक्ष के वकील शांत मन से आयें। आज आचार्य बालकृष्ण जी यहाँ उपस्थित हैं, प्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य मौजूद हैं। राज्य सभा का सभापति होने के नाते मैं कुछ कहना चाहता हूं - कि आप कोई ऐसी औषधि बनाएं ताकि संसद ही गरिमा ठीक रहे।
हमारी संविधान सभा ने 3 वर्षों तक अनेक जटिल और विभाजनकारी मुद्दों पर बहस की, उन्हें सुलझाया। लेकिन 3 वर्ष के लंबे समय में, कोई व्यवधान नहीं हुआ, कोई वेल में नहीं आया, कोई प्लेकार्ड नहीं दिखाये गए। हमारा आचरण आज उसके विपरीत है। हम लोकतंत्र के मंदिरों का इस तरह अनादर होते हुए नहीं देख सकते। ही ूल्लल्लङ्म३ ''ङ्म६ ३ीस्र'ी२ ङ्म ीङ्म१ू८ ३ङ्म ु ङ्म४३१ीं. हम न केवल सबसे बड़े प्रजातंत्र हैं, हम लोकतंत्र की जननी भी हैं । देश हमेशा सबसे पहले है, और होना चाहिए। ही ी स्र१ङ्म४ि क्ल्लीि२ ल्ली रँङ्म४'ि ३'ी स्र१ी ल्ल ङ्म४१ ॅ२३ङ्म१ू ूीिल्ल३२. आज देश की सोच में बदलाव आ गया है, धारा में भी बदलाव आ गया है।
आज के दिन भारत कहां है,



जो कभी सोचा नहीं था जिसकी कल्पना नहीं थी वो सब आज भारत में हो रहा है।आज के विकास को देखो, आज भारत बदल गया है। भारत आज दुनिया का सबसे ज्यादा कार्यात्मक प्रजातंत्र है- पंचायत, म्युनिसिपलिटी, राज्य और केंद्र स्तर तक। इसके बाद भी कुछ लोग नैरेटिव सेट करने के लिए आरोप लगाते हैं कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसद में माइक बंद कर दिया जाता है। इससे बड़ा असत्य और कुछ नहीं हो सकता। आज राज्य सभा के सभापति होने के नाते मजबूरन मुझे कहना पड़ रहा है कि भारत की संसद में माइक बंद नहीं होता। हां एक समय था, एक काला अध्याय था, वो आपतकाल का समय था। जैसे भारत ने कोविड से निबटा है उसकी सम्पूर्ण विश्व मे प्रसंशा हुई है। भारत ने अपनी वैक्सीन बनाई यह भी कुछ लोगों के गले नहीं उतरा। आज हमने 220 करोड़ वैक्सीन की खुराकें दीं हैं, और उनकी डिजिटल मैपिंग की गई। दुनिया ने योग की ताकत को देखा, पूरी दुनिया ने उसका समर्थन किया। कोविड के दौरान आयुर्वेद ने अपनी क्षमता सिद्ध की। हमारी संस्कृति का साफ संदेश है कि पहला सुख निरोगी काया। मुझे याद है जब मैं मंत्री था, हर सांसद को अधिकार था की वो साल में किसी को भी 50 गैस कनेक्शन 50 फोन कनेक्शन दे सकता है। आज स्थित देखिए।आज देश की सरकार बड़ा सोचती है और उससे भी बड़ा करती है। उत्तर प्रदेश के लोगों ने क्या कभी सोचा था कि कानून व्यवस्था ठीक हो पाएगी? लेकिन आज आप देख सकते हैं। लोगों ने मुख्यमंत्री के बारे में कहा था कि देखते हैं इनकी कानून व्यवस्था कब तक टिकेगी, लेकिन ये टिक गयी है, इस पौधे की जड़ नीचे की ओर जा रही हैं। हमारे आगे जो युवा शक्ति है वो तय करेगी कि भविष्य में हमारे देश की तस्वीर क्या होगी। अब भारत के अंदर जो शासन व्यवस्वथा है उसके केंद्र में एक ही चीज है - भारत का हित। अब भारत की आवाज सुनी नहीं जाती है, बल्कि लोग इंतजार करते हैं कि भारत इस विषय पर क्या बोलेगा। अब ये आपको तय करना है कि आप आयुर्वेद को कहां तक ले जाएंगे। आज लाइफस्टाइल डिसीज की बात होती है। इसमें आयुर्वेद और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां बहुत प्रभावी हैं। यह वही बात हुई - ₹गली में छोरो गांव में ढिढोरो। मैने अपनी दो विदेश यात्राओं के दौरान देखा है कि जब मैं खुद का परिचय देता हूं तो लोग सम्मान की दृष्टि से देखते हैं, ये है आज के भारत की ताकत। फिर भी कुछ लोग भारत को विदेश में बदनाम कर रहे हैं। हमारा इतिहास हजारों साल पुराना है, हम एक महान राष्ट्र हैं, हमारे लोग महान हैं।अंत में मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि एक वातावरण तैयार कीजिए, संसद और विधान सभाओं में आचारण अनुकरणीय होना चाहिए। वहां व्यवधान नहीं होना चाहिए। पर ये कैसे होगा- इसके लिए आप सभी को जनांदोलन करना होगा। उन लोगों को जवाबदेह बनाना होगा जो इस महान देश की उपलब्धियों का निरादर करते हैं।

# भारतीय वन्य जीव संस्थान के विशेषज्ञों की मौजूदगी में ही होगा बिजनौर बैराज गंगा नदी के दूसरे पुल का निर्माण

**सर्वहित भारत**
**संवाददाता हरदीप चौहान**

**बिजनौर।** हस्तिनापुर वन्य जीव अभयारण्य और हैदरपुर वेटलैंड में प्रवासी पक्षियों का बसेरा रहता है। बहसूमा से बिजनौर के बीच हाईवे निर्माण की सहमति बन रही है। जब तक प्रवासी पक्षियों का बसेरा रहेगा, इस अवधि के बीच हाईवे का निर्माण नहीं होगा। यह निर्णय हस्तिनापुर अभयारण्य में वन्य जीवों के विचरण और हैदपुर वेटलैंड में प्रवासी पक्षियों को देखते हुए लिया गया है। हाईवे और वन अधिकारियों के बीच इस पर सहमति बनने के साथ ही एनओसी मिलने की राह भी आसान हो गई है।

मेरठ पौड़ी नेशनल हाईवे 119 को मेरठ से नजीबाबाद से कोटद्वार तक फोरलेन किया जाना है। फिलहाल मेरठ से बहसूमा और बिजनौर से नजीबाबाद तक हाईवे को फोरलेन किया जा रहा है। करीब 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

बहसूमा से बिजनौर तक हस्तिनापुर वन्य जीव अभयारण्य की वजह से एनओसी अभी तक नहीं मिली है। भारत सरकार से एनओसी मिलने के बाद ही बहसूमा से बिजनौर के बीच हाईवे को फोरलेन किया जा सकेगा। उधर गंगा पर भी पुल इस एनओसी के बाद ही बनेगा। एनओसी को लेकर पिछले दो सालों से हाईवे के अधिकारी और वन अधिकारियों के बीच मंथन चल रहा है। भारतीय वन्य जीव संस्थान की टीम भी सर्वे कर चुकी है। वन विभाग के अफसरों की मानें तो आपस में लगभग लगभग सभी मुद्दों पर सहमति बन गई है।



हाईवे निर्माण में प्रमुख समस्या ये हो रही थी कि निर्माण के वक्त वन्य जीवों और प्रवासी पक्षियों को दिक्कत होगी। यूरोप तक से आने वाले प्रवासी पक्षी भी निर्माण के शोरगुल से परेशान हो सकते हैं। जिसके चलते यह सहमति बनी है कि प्रवासी पक्षी जब तक हैदरपुर वेटलैंड और गंगा के किनारे रहेंगे, तब तक निर्माण नहीं किया जाएगा। इनके यहां से चले जाने के बाद ही हाईवे का निर्माण होगा। उधर हस्तिनापुर वन्य जीव अभयारण्य में वन्य जीवों की आवाजाही के लिए हाईवे में दो अंडर पास बनाए जाने का भी प्रावधान जोड़ा गया है। बिजनौर बैराज के पास गंगा नदी पर दूसरा पुल बनाया जाना है। उधर गंगा में डॉल्फिन समेत अन्य जलीय जीव हैं। पुल का निर्माण होने से जलीय जीवों को दिक्कत न होने पाए, इसके लिए भी वन्य जीव संस्थान ने सुझाव दिया है। भारतीय वन्य जीव संस्थान के विशेषज्ञों की मौजूदगी में ही गंगा नदी पर पुल का निर्माण किया जाएगा।

**गंगा बैराज के पास आते हैं 20 हजार से ज्यादा पक्षी**

फोर लेन निर्माण में प्रवासी पक्षियों की सुविधा को यूं ही ध्यान में नहीं रखा गया, बल्कि इन पक्षियों की संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यहां पर हर साल देश-विदेश से 20 हजार से ज्यादा पक्षी आते हैं। यहां पर देशी और प्रवासी पक्षियों की 300 से ज्यादा प्रजातियां मिलती हैं। वहीं गंगा की बात करें तो यहां पर डॉल्फिन, घड़ियाल, दस से ज्यादा प्रजाति के कछुए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से जो सहमति बनी है, उसमें मुख्य रूप से प्रवासी पक्षियों के आने के समय निर्माण न होना है। हस्तिनापुर अभयारण्य में निर्माण के दौरान प्रवासी पक्षियों, जलीय जीवों की सुरक्षा और उन्हें परेशान न करने की बात प्रमुखता से रखी गई थी। भारतीय वन्य जीव संस्थान ने सर्वे में इन बिंदुओं को उठाया था, जिस पर दोनों विभागों ने सहमति दे दी है।

# डीसीएम और रोडवेज बस की टक्कर मे चालकों सहित कई लोग घायल

**सर्वहित भारत**
**संवाददाता हरदीप चौहान**



**नजीबाबाद।** हरिद्वार मार्ग पर रोडवेज बस और डीसीएम की टक्कर में सात लोग घायल हो गए। नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग पर हरिद्वार से नजीबाबाद आ रही नजीबाबाद डिपो बस की नजीबाबाद दिशा से हरिद्वार टमाटर लेकर जा रही डीसीएम से टक्कर हो गई। रविवार को सुबह लगभग 10:30 बजे लकड़हान नदी पुल क्षेत्र में यह हादसा हुआ। जिसमें रोडवेज चालक मंडावर निवासी कृष्ण कुमार, डीसीएम चालक सीतापुर निवासी राजेश कुमार सहित रोडवेज बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। घायलों में रोडवेज बस में सवार स्योहारा निवासी विजेंद्र सिंह, सकुशल कुमार, मंडावली निवासी सुरेश, बीना और ओमकार शामिल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर भेज दिया गया।

# राष्ट्रीय हिंदू संगठन मेरठ द्वारा कमिश्नरी चौक से भगवान शिव चौक तक मौन जुलूस निकाला गया

**सर्वहित भारत**



दिनांक 12 मार्च 2023 को राष्ट्रीय हिंदू संगठन मेरठ द्वारा कमिश्नरी चौक से भगवान शिव चौक तक मौन जुलूस का आयोजन करके हिंदू राष्ट्र की मांग सरकार तक पहुंचाने हेतु शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे जी के नेतृत्व में तृतीय सप्ताह का यह आंदोलन भारत के 50 जिलों में किया जा रहा है। संगठन की प्रभारी शीतल गहलोत ने बताया कि हमारा यह आंदोलन तब तक यूं ही अनवरत चलता रहेगा जब तक कि हिंदू राष्ट्र की अवधारणा रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति इस आंदोलन से जुड़ नहीं जाता। प्रदेश उपाध्यक्ष रामवीर सामने सोम ने भारत के प्रत्येक छोटे बड़े संगठन और समाज के हर वर्ग को इस आंदोलन से जुड़ने का आह्वान किया। मौन जुलूस में भगवा मास्क लगाकर प्रदर्शन किया गया। जुलूस में श्री नागेंद्र तोमर विनोद राणा समाजसेवी निधि गुप्ता बिजेंद्र लोहरे श्रीमतीतरुणा सिंह गीता चौधरी रजनी कुशवाहा बृजेश चौहान किरण सिंह धामा अजीत झा अनिल कुमार अमित गहलोत सौरभ गुप्ता अमित प्रजापति बंटी बजरंगी  गुंजन राणा विमला सोम आदि का विशेष सहयोग रहा।

# महिला सशक्तीकरण अभियान के अंतर्गत करुणा समाजसेवा संस्थान द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया आयोजित

**सर्वहित भारत**
**संवाददाता हरदीप चौहान**



**नजीबाबाद।** करुणा समाजसेवा संस्थान ने महिला सशक्तीकरण अभियान के अंतर्गत समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं लैंगिक समानता के प्रति संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में होली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल नंगला पिथौरा और प्रेमधाम आश्रम के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। मुख्यअतिथि फादर वर्गीस ने शिक्षा को संस्कार और समाज उत्थान की जननी बताते हुए कहा कि महिलाओं ने प्रत्येक क्षेत्र में स्वयं को मील का पत्थर साबित किया है। जिला विधिक प्राधिकरण के नवीन राजपूत, फादर शिबू थॉमस, डॉ. सविता वर्मा, आशा रजा ने शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के प्रति महिलाओं के बढ़ते कदम पर संतोष व्यक्त किया। करुणा सेवा समाज संस्थान के संवाद अभियान से जुड़ी अंबर रजा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में होली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल की शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंजलि राजपूत, दीपिका अग्रवाल, वैशाली गुप्ता, दीपशिखा, साक्षी सलूजा, सलोनी भारद्वाज, उपासना, समर्थ ने राष्ट्रीय एकता और सद्भाव पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संयम, अंश, आर्यन, सुनील, अंकित आदि विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रस्तुति दी।करुणा सेवासमाज संस्थान के फादर वर्गीस, प्रधानाचार्य सिस्टर शीजा सबास्टिन ने उत्कृष्ट कार्य के लिए अतिथियों को सम्मानित किया।

# बारात की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई मौके पर एक की मौत

**वर्तमान प्रधान पति (फरमान चौधरी) ग्राम सरावनी के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार**

**आदिल चौधरी/**
**सर्वहित भारत/ हापुड़/**

जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ के अंतर्गत ग्राम सरावनी से मोहम्मद सालिम पुत्र  चुनना खां के बेटे की बरात ग्राम मसूरी जनपद गाजियाबाद जा रही थी जिसमें कुछ युवक अपनी कारो के द्वारा जा रहे थे जिनमें से एक कार अनियंत्रित होकर थाना मुंडाली की पुलिस चौकी सफियाबाद लोटी के अंतर्गत लौटी और अटोला के बीच मोड़ पर अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिसमें नादिर पुत्र स्वर्गीय अमीर अहमद ग्राम सरावनी की मौके पर ही मृत्यु हो गई और अन्य 6 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें अयान पुत्र इरशाद ग्राम घुगराला थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ शोएब पुत्र अब्दुल कलाम कादिर पुत्र खालिद अतु पुत्र सरताज अब्दुल अहद पुत्र हाफिज हसरत सुहेल पुत्र परवेज बताए





गए हैं जो ग्राम सरावनी के रहने वाले हैं जिनकी आयु लगभग सोलह से अठारह वर्ष के बीच में बताई जा रही है जिनमें दो युवकों की हालत चिंता जनक बताई जा रही है जिनका उपचार मेरठ प्राइवेट नर्सिंग होम में चल रहा है

# रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज, मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ आयोजन

**सर्वहित भारत**




रघुनाथ गर्ल्स पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज, मेरठ की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ दिनांक 12 मार्च 2023 को कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई श्रीमती मनीषा सिंघल व कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई श्रीमती प्रीति के कुशल मार्गदर्शन में अंबेडकर भवन कुटी गांव क्षेत्र में किया गया। शिविर का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि श्री नरेंद्र राष्ट्रवादी, पार्षद कुटी तथा श्री नरेंद्र चौधरी महामंत्री जागृति विहार मंडल के द्वारा किया गया। स्वयं सेविकाओं ने गणेश वंदना ,सरस्वती वंदना के द्वारा शिविर का शुभारंभ किया ।तत्पश्चात अतिथियों का अभिनंदन स्वागत गीत से किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मनीषा सिंघल व श्रीमती प्रीति ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यो से छात्राओं को अवगत कराया व उनका उत्साहवर्धन किया । छात्राओं को समाज सेवा की शपथ दिलाई जिससे वे हर समय समाज सेवा के लिए तत्पर रहें ।शिविर के दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओ ने गांव में स्थित शिव शक्ति मंदिर प्रांगण की सफाई कर श्रमदान में अपना बहुमूल्य योगदान दिया और इसी सत्र में छात्राओं को 10-10 के समूह में विभाजित किया गया । व उन्हें अनुशासन, स्वच्छता, भोजन वितरण ,कार्यक्रम रूपरेखा, साज सज्जा आदि गतिविधियों का दायित्व छात्राओ को दिया गया ।आने वाले दिनों में कराए जाने वाले गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई ।शिविर में खुशी ,आयुषी ,आलिया हर्षिता ,कशिश, ज्योति, मुस्कान आस्था आदि छात्राएं उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के बाद प्रथम दिन के शिविर का समापन किया गया

# अमित अग्रवाल विधायक कैंट के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम किया गया जिस के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री रहे

**सर्वहित भारत**

अमित अग्रवाल जी विधायक कैंट के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम रखा गया जिस के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी रहे जिसमें उन्होंने अधिकारी व पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया इसी श्रंखला में उप मुख्यमंत्री जी के द्वारा श्री मुकेश दीक्षित जी के परिवार में हुई दुखद घटना का शोक व्यक्त किया एवं श्री मुकेश दीक्षित महानगर संयोजक उत्तर प्रदेश मेरठ को मंच पर बुलाकर माला पहना कर सम्मानित भी किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की





# पिहोवा हलके की जनता के लिए दिन-रात करता रहूंगा काम : डॉ. खैहरा,
## गांव कलसा में डॉ. जसविंदर खैहरा का जोरदार स्वागत।

**सर्वहित भारत**



**पिहोवा, (राकेश कशयप)।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष एवं शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंदर खैहरा ने कहा है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जोरदार तरीके से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हर वर्ग के लोगों के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। आज जननायक जनता पार्टी पूरे प्रदेश में अपना आधार बना चुकी है। वे पिहोवा के गांव कलसा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने जहां फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया वहीं गुरुद्वारा साहिब में पटका पहनाकर डॉक्टर जसविंदर खैहरा का स्वागत किया गया। डॉ खैहरा ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश पूरे देश में नंबर एक पर है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की युवा सोच के कारण हरियाणा प्रदेश लगातार तरक्की कर रहा है। युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाए जा रहे हैं। बिना रिश्वत के युवा नौकरी पर लग रहे हैं। वहीं युवाओं को निजी कंपनियों में 75% आरक्षण देकर ऐसा कार्य किया है जो कि भविष्य में भी स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में जननायक जनता पार्टी अपना आधार बना चुकी है। लोग अन्य दलों को छोड़कर जननायक जनता पार्टी से लगातार जुड़ रहे हैं। पिहोवा का जिक्र करते हुए डॉक्टर खैहरा ने कहा की पिहोवा में गत दिवस ही 25 करोड रुपए से सड़कों के निर्माण के लिए मंजूर हुए हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहर से जुड़ने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पिहोवा हलके के लोगों द्वारा जो भी समस्या उनके सामने रखी जाती है वे तुरंत उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के पास पहुंचा देते हैं जिसे प्रमुखता के साथ पूरा किया जा रहा है। इसके लिए उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का धन्यवाद करते हैं।

हिंदी दैनिक समाचार पत्र विज्ञापन रेट
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650 स्क्वायर सेंटीमीटर
1650×25=41250
बैक पेज रेट
हिंदी  साप्ताहिक समाचार पत्र
50×33 सेंटीमीटर बराबर
1650×15=24750
स्क्वायर सेंटीमीटर बैक पेज रेट
प्रथम पेज का विज्ञापन जस्ट बेक पेज के डबल है
मध्यम पेज का विज्ञापन बैक की पेज के विज्ञापन का आधा है
9837558066
जानकारी के लिए नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें 82797 84237